चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 98, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 07 मई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# कांग्रेस का पंजा खा जाता सरकारी पैसेः मोदी

## कांग्रेस के पास राज्य के विकास का कोई विजन नहीं हैः मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास कर्नाटक के विकास का रोडमैप है जबकि कांग्रेस सिर्फ तुष्टीकरण, तालाबंदी और गाली को ही चुनावी मुद्दा बना रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कर्नाटक के बादामी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने तय किया है कि वह अपनी पुरानी आदत नहीं छोड़ेगी। वह तुष्टीकरण, तालाबंदी और गाली को ही चुनाव का मुद्दा बनाएगी। कांग्रेस के पास राज्य के विकास का कोई विजन नहीं है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह कौन सा पंजा है जो 01 रुपये में से 85 पैसे खा जाता है? कांग्रेस के इन्हीं कुकर्मों के कारण हमारा देश इतने दशकों तक पिछड़ा बना रहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन बीमारियों को कांग्रेस ने अपने बरसों के शासन में मजबूत किया अब भाजपा उन्हीं बीमारियों का परमानेंट इलाज कर रही है। कांग्रेस ने तय किया है कि वो अपनी पुरानी आदतें नहीं छोडेगी। वो तुष्टिकरण, तालाबंदी और गाली को ही चुनावी मुद्दा बनाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लोग आज भी देश-दुनिया में भारत को मदर ऑफ डेमोक्रेसी कहने की हिम्मत नहीं करते, ये सिर्फ भारत के लोकतंत्र पर हमला करते हैं। यही गुलामी की मानसिकता है जिससे आज भारत बाहर आ रहा है। भाजपा सरकार अपनी संस्कृति और अपनी विरासत के लिए समर्पित है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बेंगलुरु में मेगा रोड शो किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री मोदी वहां पहुंचे हैं।



**कांग्रेस के पास कौन सा पंजा है जो 1 रुपये में से 85 पैसे खा जाता है?:** पीएम नरेंद्र मोदी के कांग्रेस के भ्रष्टाचार के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि, इनके पास पता नहीं कौन सा पंजा है जो 1 रुपये में से 85 पैसे खा जाता है? कांग्रेस के इन्हीं कुकर्मों के कारण हमारा देश इतने दशकों तक पिछड़ा बना रहा। यही नहीं जिन बीमारियों को कांग्रेस ने अपने बरसों के शासन में मजबूत किया अब बीजेपी उन्हीं बीमारियों का परमानेंट इलाज कर रही है।

**कांग्रेस के चुनावी मुद्दे, सिर्फ तालाबंदी और गालीः** प्रधानमंत्री ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर एक बार फिर से चर्चा करते हुए उसे तुष्टिकरण की राजनीति करार दिया।

### कांग्रेस का झूठ बीजेपी की आंधी में उड़ गया : पीएम

**पीएम** ने कांग्रेस के वादों को पूरी तरह से झूठा बताया। पीएम ने हावेरी में जनता से कहा -कर्नाटक में, कांग्रेस में जो लोग हवा बनाने के लिए झूठ लेकर के चल पड़े हैं, उनका ये सारा झूठ बीजेपी की इस आंधी में उड़ गया है। अभी भी जिनको लगता है वो जरा आकर देख लीजिए।

## खड़गे की हत्या करवाना चाहती है भाजपाः कांग्रेस

### सुरजेवाला ने ऑडियो क्लिप सुनाई, कहा- यह चित्तपुर के बीजेपी कैंडिडेट की आवाज

**बेंगलुरुः** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में विवादित बयानों के बाद अब नेताओं के व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप भी शुरू कर दिए हैं। कांग्रेस के कर्नाटक प्रभारी और सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने दावा किया है कि भाजपा नेता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और उनके परिवार की हत्या की साजिश रच रही है। सुरजेवाला ने शनिवार को बेंगलुरु में प्रेस कॉन्फ्रेंस की और एक ऑडियो क्लिप सुनाई। उन्होंने दावा किया कि इसमें सुनाई गई आवाज कर्नाटक की चित्तपुर सीट से भाजपा के उम्मीदवार मणिकांत राठौड़ की है। क्लिप में खड़गे और उनके परिवार को खत्म करने की बात कही जा रही है। सुरजेवाला बोले- मणिकांत राठौड़ पीएम मोदी और सीएम बोम्मई का चहेता भी है। राठौड़ ने पहले भी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे और चित्तपुर से पार्टी प्रत्याशी प्रियांक खड़गे को जान से मारने की धमकी दी थी। पिछले साल 13 नवंबर को उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था। हालांकि, बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था।



**रविः अन्ना तुम्हारे पास कितने केसेज हैं?**

मणिकांतः गाली देते हुए.... उस कांग्रेसी से पूछ, जिसने तुझे बताया है। उसको बता दे कि मणिकांत राठौड़ 44 केसेज की लिस्ट के बारे में पूछ रहा है।

रविः खड़गे के लोग कर रहे हैं, हम नहीं करते।

मणिकांतः तो फिर सिर्फ खड़गे से पूछ।

रविः मेरे पास उसका नंबर नहीं है। तुम मुझे उसका नंबर दे दो। मैं तुम्हारा फैन हूं। मैं उससे पूछूंगा कि वह मेरे लीडर के बारे में ऐसी बातें क्यों बोल रहा है।

मणिकांतः अगर मेरे पास उसका नंबर होता तो मैं उसकी पत्नी और बच्चों का सफाया कर देता। मेरे पास नहीं है।

रविः तुम किसकी पत्नी और बच्चों के बारे में बोल रहे हो?

मणिकांतः जिसका नाम अभी तूने लिया था।

रविः मैंने खड़गे का नाम लिया था।

मणिकांतः अगर मेरे पास उसका नंबर होता तो मैं उसकी पत्नी और बच्चों का सफाया कर देता। मेरे पास नहीं है।

मणिकांतः अगर मुझ खड़गे का नंबर मिल जाए तो मैं उसे बुरी से बुरी सारी गालियां दूंगा, जितनी मुझे आती हैं।

रविः आप कांग्रेस को गाली दे सकते हो।

मणिकांतः (गाली देते हुए...) खड़गे।

**प्रधानमंत्री और चुनाव आयोग इस पर कुछ नहीं बोलेंगेः** सुरजेवाला ने कहा- मुझे पता है कि प्रधानमंत्री इस पर मौन बने रहेंगे, और कर्नाटक की पुलिस व चुनाव आयोग भी, लेकिन कर्नाटक के लोग मौन नहीं रह सकते और वह मुंहतोड़ जवाब देंगे। सुरजेवाला ने अफसोस जाहिर करते हुए कहा, ह्यक्या राजनीति इससे भी अधिक गिर सकती है। पूरी भाजपा चिंतित है क्योंकि साढ़े 6 करोड़ से अधिक कर्नाटक के हमारे भाई-बहनों ने मन बना लिया है कि वो भाजपा को पूरी तरह खारिज कर रहे हैं।

### मेरठ में बनेगा इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स

## डीजे और डीएम ने किया भूमि का निरीक्षण

**मेरठ।** मेरठ जनपद में इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स का निर्माण होगा। शनिवार को इसके लिए जिला न्यायाधीश और जिलाधिकारी ने कई स्थानों पर सरकारी भूमि का निरीक्षण किया। जिला न्यायाधीश रजत सिंह जैन और जिलाधिकारी दीपक मीणा ने शनिवार को किला रोड स्थित भावनपुर, यादगारपुर और बिजली बम्बा बाईपास स्थित सरकारी भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। जनपद में इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स के निर्माण लिए भूमि की तलाश चल रही है। इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्पलैक्स में कोर्ट, जजों के चैम्बर, मीटिंग हॉल, वीडियो कोर्ट, पार्किंग, कैंटीन सहित सभी सुविधाओं के लिए जगह होगी। इस कॉम्प्लेक्स में न्यायालय भवन के साथ आवास भी होंगे। कॉम्प्लेक्स में जिला और अधीनस्थ न्यायालय, वाणिज्यिक न्यायालय, फास्ट ट्रैक कोर्ट और लोक अदालत आदि बनेंगे।

## किसानों ने दिया पहलवानों को समर्थन

**नई दिल्ली।** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों का समर्थन किया है। मोर्चे ने प्रदर्शनरत पहलवानों के समर्थन में राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। मोर्चे ने शनिवार को एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि रविवार को पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एसकेएम के कई वरिष्ठ नेता, सैकड़ों किसानों के साथ, एक बार फिर जंतर-मंतर पर विरोध स्थल का दौरा करेंगे और पहलवानों को अपना समर्थन देंगे। एसकेएम का प्रतिनिधि-मण्डल दिल्ली पुलिस आयुक्त, केंद्रीय खेल मंत्री, गृह मंत्री समेत महत्वपूर्ण प्रशासनिक और राजनीतिक व्यक्तियों के पास जाएगा और बृजभूषण शरण सिंह की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करेंगे। एसकेएम ने कहा कि 11 से 18 मई तक, भारत के सभी राज्यों में, राज्य राजधानियों, जिला मुख्यालय और तालुक मुख्यालय पर एक देशव्यापी आंदोलन आयोजित किया जाएगा। इसमें सार्वजनिक बैठकें और विरोध मार्च आयोजित किए जाएंगे और बृजभूषण शरण सिंह और उनके समर्थक भाजपा सरकार के पुतले फूंके जाएंगे।




## यूपी बोर्ड ने तैयार किया 'नए सत्र में नया सवेरा' कार्यक्रम का प्रारुप

**प्रयागराजः** माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने स्कूलों में बच्चों को पढ़ाई के साथ भविष्य में अपने को और अपडेट रखने के लिए एक नई पहल की है। बच्चों को संस्कारवान एवं रोजगार उन्मुख बनाने के लिए कॉलेजों में प्रातःकालीन सभा में प्रेरणादायक कार्यक्रम का प्रारुप तैयार किया है। प्रारम्भिक स्तर पर प्रदेश के सभी जिलों के राजकीय इंटर कॉलेजों एवं सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में इसकी शुरूआत की जा रही है।

सभी शिक्षाधिकारियों से कहा गया है कि वे इन स्कूलों की प्रातःकालीन सभाओं में पहुंचें और बच्चों को प्रेरणादायक संस्मरण के साथ उनको भविष्य में क्या करना है, प्रेरित करें। साथ ही गुणवतापूर्ण शिक्षा और प्रतियोगिता के इस दौर में वह कैसे सफल हो, इस पर फोकस रहेगा। स्कूलों के मेधावी छात्रों को भी इन प्रातःकालीन सभाओं में आमंत्रित किया जाएगा, ताकि वह भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बन सकें। यूपी बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने शनिवार को राजकीय इंटर कॉलेज में सुबह पहुंचकर इसकी शुरूआत की। उन्होंने बच्चों से सीधे संवाद कर उनके भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया। इस बार के शानदार परीक्षा आयोजन के बाद बोर्ड ने 'नए सत्र में नया सवेरा' एजेंडे के तहत एक कार्यक्रम तैयार किया है। जिला विद्यालय निरीक्षक और उनके सहयोगी अधिकारी प्रातः कालीन सभा में बच्चों से प्रेरणादायक संवाद करेंगे। उन्हें कैसे अपना भविष्य उज्ज्वल बनाना है, इस बारे में प्रेरणादायक टिप्स देंगे। स्कूलों में शिक्षा का अच्छा वातावरण तैयार हो, इस पर उनका फोकस रहेगा। बोर्ड सचिव ने बताया कि नए शिक्षा सत्र से ही बोर्ड ने नई रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है।

## लाइव स्ट्रीमिंग के दौरान जज बोलते वक्त ध्यान रखें: चीफ जस्टिस



**नई दिल्लीः** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ शनिवार को ओडिशा में थे। वे कटक में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र में शामिल हुए। चीफ जस्टिस ने कहा- एक जस्टिस से आप कैसे उम्मीद कर सकते हैं कि वह 15 हजार पेज का रिकॉर्ड पढ़ सकता है। इसलिए हमें पेपरलेस कोर्ट और वर्चुअल कोर्ट जैसे डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है।

चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कोर्ट के लिए डिजिटल दूनिया के दूसरे पहलू पर भी बात की। उन्होंने कहा- आज कल ज्यादातर हाईकोर्ट यूट्यूब पर लाइव स्ट्रीमिंग कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर पटना हाईकोर्ट के जस्टिस का एक क्लिप था, जिसमें वह आईएएश ऑफिसर से पूछ रहे थे कि उन्होंने सही कपड़े क्यों नहीं पहने? गुजरात हाईकोर्ट के जस्टिस वकील से कह रहे थे कि वह मामले के लिए तैयार क्यों नहीं है? यूट्यूब में बहुत सारी फनी चीजें चल रही हैं, जिन्हें हमें रोकने की जरूरत है। क्योंकि कोर्ट में जो होता है वह बेहद गंभीर मामला है। हम जो लाइव स्ट्रीमिंग कर रहे हैं उसका एक दूसरा पहलू भी है। एक जस्टिस के रूप में हमें सीखने की जरूरत है। कोर्ट में हम जो भी बोलते हैं, उसका ध्यान रखना होगा। क्योंकि वह जनता के दायरे में आता है।

**चंद्रचूड़ बोले- डेटा प्राइवेसी के लिए कमेटी काम कर रहीः** चंद्रचूड़ ने कहा कि साइबर सुरक्षा पर हम डेटा सुरक्षा और डेटा प्राइवेसी कैसे सुनिश्चित करते हैं। मैंने एक कमेटी बनाई है। इस कमेटी को समय लग रहा है ।

## सीएम योगी भारतरत्न डॉ. अंबेडकर अवार्ड से सम्मानित

**मुंबई/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भारतरत्न डॉ. अंबेडकर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को मुम्बई के श्री षणमुखानंद ऑडिटोरियम में यह सम्मान दिया है। योगी आदित्यनाथ के स्थान पर यह अवार्ड उप्र विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने ग्रहण किया है। कोविंद बुद्धांजलि रिसर्च फाउंडेशन की ओर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे रामनाथ कोविंद ने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में गुंडाराज खत्म करके प्रदेश को भयमुक्त बनाने का काम किया है। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि योगी आदित्यनाथ हमारे मित्र हैं । आज उनके नाम से उत्तर प्रदेश में गुंडे, माफिया थर-थर कांप रहे हैं। इस दौरान डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश के सरकारी महकमों में डॉ. अंबेडकर की फोटो लगाने का आदेश देकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। लखनऊ में डॉ. अंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र बना कर योगी आदित्यनाथ ने माई साहब डॉ. सविता अंबेडकर के सपनों को पूरा किया है।

### 1100 लोगों ने असम में शरण ली, हालात स्थिर

## मणिपुर हिंसा में अब तक 54 लोगों की मौत

**इंफालः मणिपुर में** मैतेई आरक्षण विवाद को लेकर बुधवार से भड़की हिंसा में अब तक 54 लोगों की मौत हो चुकी है। 100 से ज्यादा लोग घायल हैं, जिनका इलाज इंफाल और जवाहरलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में चल रहा है। राज्य के 11 सौ लोग असम में शरण लिए हुए हैं। वहीं, भारत-म्यांमार सीमा पर हवाई निगरानी भी की जा रही है। राज्य के हालात को देखते हुए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने राज्य में नीट-पीजी के एग्जाम पोस्टपोन कर दिए हैं। जिन स्टूडेंट्स को मणिपुर सेंटर मिला है उनके एक्जाम बाद में होंगे। इधर, दिल्ली यूनिवर्सिटी के नॉर्थ कैंपस में कूकी समुदाय के छात्रों ने दावा किया कि मैतेई समुदाय के छात्रों ने उन पर गुरुवार रात को हमला किया। उन्होंने शुक्रवार को एफआईआर दर्ज कराने की कोशिश की। पुलिस ने इससे इनकार कर दिया, जिसके बाद छात्रों ने प्रदर्शन किया। बाद में हमला करने के आरोपी कुछ छात्रों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।



**8 जिलों में कर्फ्यू, मोबाइल इंटरनेट बंदः** शुक्रवार को मोबाइल इंटरनेट बेमियादी बंद कर दिया गया था। दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए गए, साथ ही मणिपुर जाने वाली ट्रेनों को रोक दिया गया। हिंसा को देखते हुए राज्य के 16 में से 8 जिलों में कर्फ्यू लगाया गया था।

**सेना और असम राइफल्स के 10 हजार जवान तैनातः** हालांकि अब इसमें ढील दी जा रही है। जन-जीवन सामान्य हो रहा है। यहां शनिवार सुबह दुकानें खुलीं और सड़कों पर कारें दौड़ती नजर आईं। इलाके में सेना और असम राइफल्स के करीब 10 हजार जवान तैनात किए गए हैं।

### संघ का सर्वे- 57% डॉक्टर ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई का विरोध किया

## समलैंगिकता डिसऑर्डर है, कानूनी मान्यता मिली तो और बढ़ेगाः संघ

**नई दिल्लीः** 70 प्रतिशत डॉक्टर और मेडिकल प्रोफेशनल्स का मानना है कि समलैंगिकता एक डिसऑर्डर है। अगर सेम सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता मिली तो यह समाज में और बढ़ेगा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (संघ) की महिला शाखा संवर्धिनी न्यास ने अपने सर्वे में यह दावा किया है। सर्वे के मुताबिक, 83 प्रतिशत डॉक्टरों ने समलैंगिक संबंधों में यौन रोग के फैलने की पुष्टि की है। वहीं, 67 प्रतिशत डॉक्टरों का यह मानना है कि समलैंगिक माता-पिता अपनी संतान को ठीक से नहीं बढ़ा सकते हैं। न्यास के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि सर्वे का जवाब देने वाले 57 पर्सेंट डॉक्टरों ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में हो रही सुनवाई का विरोध किया है।



**8 अलग-अलग तरीकों के डॉक्टरों ने रिस्पॉन्स दर्ज कियाः** राष्ट्र सेविका समिति के एक सीनियर मेंबर ने बताया कि इस सर्वे में 318 लोगों के रिस्पॉन्स दर्ज किए गए हैं। रिस्पॉन्स देने वाले लोगों में मॉडर्न साइंस से लेकर आयुर्वेद तक के 8 अलग-अलग तरीकों के डॉक्टर शामिल हैं। सर्वे में यह भी दावा किया गया है कि अगर सेम सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता मिली तो समलैंगिकता को बढ़ावा मिलेगा। इस तरह के मनोवैज्ञानिक डिसऑर्डर को ठीक करने के लिए काउंसलिंग बेहतर विकल्प है। सर्वे ने सेम सेक्स मैरिज को वैध बनाने की मांग पर कोई भी फैसला लेने से पहले जनता की राय लिए जाने की सिफारिश भी की है। संवर्धिनी न्यास ने सेक्स मैरिज के लिए कानूनी मंजूरी की मांग को लेकर हो रही सुनवाई के संबंध में यह सर्वे किया है।

## भाजपा शहरों की दशा और दिशा सुधारना चाहती है- भूपेंद्र चौधरी

**बुलंदशहरः** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने शनिवार को नुमाइश ग्राउंड स्थित निकुंज हॉल में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निकाय के दूसरे चरण में 95 नगरपालिका, 268 नगर पंचायत एवं 7 नगर निगम में चुनाव होने हैं। शहरी क्षेत्रों में विकास की यात्रा निरंतर चलती रहे। भारतीय जनता पार्टी प्रत्येक शहर की दशा और दिशा सुधारना चाहती है। विकास और सुरक्षा के मुद्दे पर जनता के बीच हम जा रहे हैं और जनता का हमें भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है।



## खबर संक्षेप

### भाजपा नेता के आवास पर पहुंच लोगों ने संवेदना के साथ जताई शोक

**सहसों।** क्षेत्र के कनौजा कलां बाबूगंज निवासी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रविन्द्र मिश्र शास्त्री के बड़े भाई 60 वर्षीय वीरेन्द्र कुमार मिश्र के आकस्मिक निधन पर क्षेत्रीय जनो ने उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना देते हुए शोक संवेदना प्रकट किए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने मृत आत्मा के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर परमात्मा से मृतक आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी किए। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में प्रमुख रूप से सर्वेश कुमार मिश्रा, अधिवक्ता देवराज उपाध्याय, संदीप द्विवेदी, वीरेन्द्र बहादुर सिंह अध्यक्ष भूमि विकास बैंक फूलपुर, जोखू लाल तिवारी, गुलाब तिवारी, भूपेन्द्र कुमार मिश्र, राकेश मिश्र, दिनेश कुमार शुक्ल, पवन कुमार शुक्ल, अशोक कुमार मिश्र, वेदमणि तिवारी, पिन्टू दूबे, कमलेश यादव, यज्ञ नारायण यादव, प्रमोद कुमार त्रिपाठी आजाद, संतोष शुक्ला एवं राजेश शुक्ला सहित काफी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मड़ौका में चोरों ने घर में घुसकर सोने चांदी के गहने समेत लाखों रुपए नकदी किया पार

### घर के गेट का गैस कटर से कुंडा काटकर 9.40 लाख नकद व जेवरात लेकर चोर फरार
### जांच में जुटी पुलिस, गेस्ट हाउस में खुद की बेटी की शादी करने गया था पूरा परिवार

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने बीती रात एक मकान का गेट गैस कटर से काटकर अंदर दो कमरों का ताला तोड़कर चोरी किया। कमरों में रखी दो अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे 16 तोले सोने के जेवरात और 9.40 लाख कैश समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गए जिस वक्त चोर यह घटना कारित कर रहे थे, उस वक्त मकान मालिक अपनी बेटी की शादी करने के लिए परिवार और रिश्तेदारों के साथ गेस्ट हाउस में मौजूद थे। वहीं सुबह जब परिवार के लोग बेटी की विदाई करके वापस लौटे तो घर की स्थिति देखकर चोरी का पता चला उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाकर घर और आसपास जांच पड़ताल कराई शाम को ही





घर में ताला बंदकर गेस्ट हाउस चला गया था परिवार नैनी कोतवाली क्षेत्र में मड़ौका का निवासी आजाद खान पुत्र स्व. मुख्तार खान लोहे का कारोबार करते हैं उनकी बहन शीबा बानो की शादी 5 मई को लतीफ अहमद पुत्र साइमुद्दीन निवासी गंजिया नैनी के साथ थी। वैवाहिक कार्यक्रम महेवा स्थित क्राउन गार्डन गेस्ट हाउस में था। पूरा परिवार घर में ताला बंद करके सब लोग गेस्ट हाउस में थे नैनी इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने बताया कि चोरी की सूचना पर डॉग स्क्वायड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य एकत्रित कर जांच की जा रही हैं जल्द ही खुलासा हो जाएगा।

## खंड कार्यवाह के भतीजे को तमंचा लेकर दौड़ाया, दी हत्या की धमकी

**मऊआइमा।** मऊआइमा में शातिर बदमाशो के हौसले बुलंद है शुक्रवार को देर शाम आर एस एस खंड कार्यवाह के भतीजे को शातिर बदमाशो ने तमंचा ले कर दौड़ाया लिया तथा जान से मारने की धमकी दी गई। खंड कार्यवाह ने एक हिस्ट्रीशीटर नामजद अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मरखामऊ गांव निवासी आर एस एस के मऊआइमा के खंड कार्यवाह दिनेश मौर्या पुत्र स्वर्गीय रामसुमेर का आरोप है कि सुलतानपुर खास के कतिपय हिस्ट्रीशीटर बदमाश और उसके साथी बुरा भला कह रहे थे। जब उनका भतीजा हिमांशु ने मना किया तो तमंचा ले कर दौड़ा लिया गया और जान से मारने की धमकी देते हुए गालियां दी। आर एस एस के खंड कार्यवाह दिनेश मौर्या ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर हिस्ट्रीशीटर बदमाश नसीम बाबा पुत्र गेहूं लाल तथा उसके अन्य साथी नाम अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। बताया गया है कि दो वर्ष पूर्व यही हिस्ट्रीशीटर बदमाशों ने दिनेश मौर्या पर गोली मार कर कातिलाना हमला कर दिया था। आरोप आरोपी आए दिन गांव में पहुंच कर दहशत फैलाते हैं। और बुला भला कहते रहते हैं।

## तमंचे से फायर कर छीन लिए दो हजार रुपये

**मऊआइमा कस्बा के हवाईदार मोहल्ले में मतदान के दिन हुई थी घटना**

**मऊआइमा।** युवक को मार पीट कर गिरा दिया गया तथा तमंचे से फायर किया गया फायर मिस हो जाने पर दो हजार रुपये छीन कर यह धमकी दी गई कि यदि कहीं शिकायत किए तो जान से मार देंगे। दबंगों की धमकी से भयभीत युवक कई दिन चुप रहा। किसी तरह हिम्मत जुटा कर बीती रात थाने गया । आप बीती बताई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा कस्बा के आजमपुर निवासी मोहम्मद असगर पुत्र स्वर्गीय बदरुद्दीन का आरोप है कि गत चार मई को वह नाटी इमली से घर जा रहा था। आरोप है कि जैसे मोहम्मद असगर हवाईदार मोहल्ले में पहुंचा पहले से घात लगाकर बैठे दो युवकों ने उसे मारने पीटने लगे। असगर का आरोप है कि तमंचा निकाल कर उसे गोली मारने की कोशिश की गई। गोली मिस हो जाने पर दोनों युवकों ने दो हजार रुपए छिन कर यह धमकी दिए कि यदि कहीं शिकायत किए तो जान से मार देंगें। कई दिनों तक असगर डर से भयभीत था। बीती रात किसी तरह थाने पहुंच कर पुलिस को आप बीती बतायीं। पुलिस ने असगर की तहरीर पर मोहल्ला आजमपुर निवासी मोहम्मद माजिद पुत्र मुजाहिद अकबर तथा मोहल्ला पूरे मियां जी निवासी मोहम्मद सामिक पुत्र मोहम्मद सलीम के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# लोहगरा, कपारी समेत 4 गांवों में अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी ने लगवाया हैंडपंप

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** अल्ट्राटेक सीमेंट वर्क्स, बारा ने अपने क्षेत्र के चार गांवों में इंडिया मार्का हैंडपंप की स्थापना करवाई है। यह सभी गांव प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड से प्रभावित गांवों में आते हैं। निगमित सामाजिक उत्तर दायित्व के तहत अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी ने उन गांवों का चयन स्थानीय स्तर पर उपलब्ध जल संसाधनों के आधार पर किया गया। भीषण गर्मी के सीजन में आबादी, बस्ती के आसपास इंडिया मार्का हैंडपंप की सुविधा मिलने पर स्थानीय ग्रामीणों ने हर्ष जताया है। अल्ट्राटेक बारा यूनिट के एचआर हेड संजय सिंह ने बताया कि सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाने वाली



अल्ट्राटेक कंपनी ने क्षेत्र के गाढ़ा कटरा, लोहगरा (सपेरा बस्ती), कपारी और बेरुई में इंडिया मार्का हैंडपंपों की स्थापना करवाई है। शुक्रवार को इन हैंडपंपों को ग्रामीणों के सुपुर्द कर दिया गया। संजय सिंह ने बताया कि यह क्षेत्र पहाड़ी है। यहां पर पेयजल की किल्लत हमेशा बनी रहती है। इस वजह से कंपनी ने लोगों की इस समस्या को दूर करने की दिशा में एक प्रयास किया है। हैंडपंप स्थापना के दौरान पर्यावरण अधिकारी गोपी कृष्ण तिवारी समेत स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

# किस्मत को कोस रहे सब्जी खरबूज की खेती करने वाले

### भीषण ओलावृष्टि व बारिश से खेतों में सिर्फ डंठल ही बचे, फल भी हुए बेकार, बटाईदार किसानों पर बरस गया है मुसीबत का कहर

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** कोरांव नगर एवं तराव गांव एवं आसपास के अन्य गांवो जैसे चांदी सिकरो में सब्जी की खेती करने वाले किसानों पर कहर बरस गया है। मुख्यतः गर्मी के दिनों में यहां के किसान खरबूज एवं सब्जी की खेती कर अपनी जीविका चलाते हैं। लेकिन असमय हुई बारिश व ओलावृष्टि ने किसानों को कहीं का नहीं छोड़ा। जहां खरबूज की खेती पूरी तरीके से बर्बाद हो गई है, वहीं सब्जियों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों में सिर्फ खरबूज के डंठल व टूटे पड़े फल ही दिखाई दे रहे हैं। जिससे बटाईदार एवं खुद खेती करने वाले किसानों की मुसीबतें बढ़ गई हैं। भीषण बारिश व ओलावृष्टि की मार से किसान खुद अब अपनी किस्मत को ही कराह रहे हैं। अभी तक सब्जी एवं खरबूज की खेती के नुकसान का आकलन भी तहसील प्रशासन की ओर से नहीं कराया गया है। जिससे किसान काफी चिंतित और परेशान हैं। क्षेत्र में सब्जी की खेती करने वाले किसानों की कमर टूट चुकी है। सब्जी की खेती और खरबूज की खेती बर्बाद होने से अब सब्जियों के भाव भी आसमान छू रहे हैं।



कोराव का खरबूज पूरे जनपद में मिठास के लिए सुमार है। लेकिन इस वर्ष जैसे ही खरबूज की खेती निकलना शुरू हुई वैसे ही भीषण बारिश हो ओलावृष्टि से फसलें बर्बाद हो गई जिससे किसानों की लागत पूंजी भी निकल पाना अब संभव नहीं है। सब्जी व खरबूज की खेती करने वाले किसान बबलू मौर्या ने बताया कि 5 बीघे में खरबूज एवं सब्जी की खेती किया था। पूरी की पूरी फसल ओलावृष्टि एवं बारिश से बर्बाद हो गई है। अब लागत पूंजी भी निकल पाना संभव नहीं है। ?10000 प्रति बीघा बटाई पर खेत लेकर सब्जी बोया था किंतु अब बटाई का भी पैसा देने के लिए नहीं निकल पाएगा, फायदे की बात तो बहुत दूर है। इन्होंने कहा कि सरकार की ओर से कुछ मदद अगर मिल जाएगी तो सब्जी की खेती करने वाले किसानों को सहूलियत मिल सकेगी। इसी प्रकार 5 बीघे खरबूज एवं सब्जी की खेती करने वाले किसान विकास मौर्य ने बताया कि बारिश व ओलावृष्टि से संपूर्ण खेती बर्बाद हो गई है। जो खेतों में अब डंठल के अलावा फल दिख रहे हैं वह भी ओले की मार से फट गए हैं। और धीरे-धीरे सड़ कर खराब हो जा रहे हैं।

## शुआट्स का एफसीआरए एकाउन्ट नहीं, धर्मान्तरण हेतु विदेशी फंड दिये जाने का आरोप निराधार

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्व विद्यालय (शुआट्स), प्रयागराज के मीडिया प्रभारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि शुआट्स का कोई एफसीआरए एकाउन्ट संचालित नहीं है ऐसे में विदेशी फंड प्राप्त होने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। शुआट्स मीडिया प्रभारी ने कहा कि कतिपय अराजकत तत्वों द्वारा शुआट्स के अधिकारियों को फतेहपुर धर्मान्तरण प्रकरण में फंसाने के लिये झूठे साक्ष्य एवं बयान पुलिस को दिये गये हैं। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा फतेहपुर धर्मान्तरण के सभी पाँच मुकदमों में शुआट्स अधिकारियों की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी गई है। शुआट्स मीडिया प्रभारी ने कहा कि फतेहपुर पुलिस द्वारा शुआट्स पर 34 करोड़ रुपए धर्मान्तरण हेतु विदेशी फंड का इस्तेमाल किये जाने का आरोप बिल्कुल असत्य एवं निराधार है। वर्तमान में शुआट्स का कोई एफसीआरए एकाउन्ट संचालित नहीं है, एक भी रूपया विदेश से शुआट्स के एकाउन्ट में नहीं आया है, ऐसे में विदेशी फंड प्राप्त करना और धर्मान्तरण के लिये खर्च करने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। शुआट्स मीडिया प्रभारी ने कहा कि शुआट्स एक शैक्षिक संस्थान है जिसमें सभी जाति-धर्म के छात्र-छात्रायें अध्ययनरत हैं और सभी जाति धर्म के कर्मचारी अपने-अपने धर्म के अनुसार स्वतंत्रतापूर्वक कार्य करते हैं, किसी भी छात्र या कर्मचारी ने धर्मान्तरण की कभी भी कोई शिकायत नहीं की है। शुआट्स के बर्खास्त कर्मचारी आईजेक फ्रैंक द्वारा एक संगठित गिरोह बनाकर शुआट्स अधिकारियों से ब्लैक मेलिंग हेतु भ्रामक साक्ष्य और झूठे बयान पुलिस को दिये गये हैं। शुआट्स मीडिया प्रभारी ने कहा कि शुआट्स प्रबंधन को न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है, संगठित गिरोह द्वारा झूठे बयानों और भ्रामक साक्ष्यों के आधार पर रचा गया षड्यन्त्र फेल होगा, और हमें न्याय अवश्य प्राप्त होगा।

# गांजा, बम और देशी शराब के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

### शंकरगढ़ पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से की गिरफ्तारी





अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** चुनाव से फारिग होने के बाद शंकरगढ़ पुलिस ने अपराधियों की गिरफ्तारी पर ध्यान लगा दिया है। शनिवार को पुलिस की अलग-अलग टीमों ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया। तीनों के पास से देशी शराब, देशी बम और गांजा बरामद हुआ है। सभी का चालान भेज दिया गया है। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सब इंस्पेक्टर ऋतुराज सिंह ने अपनी टीम के साथ नौ मामलों के अभियुक्त सत्यप्रकाश उर्फ ननकऊ पटेल पुत्र स्व. चिंतामणि पटेल (निवासी चमरौटी टोला, शंकरगढ़) को चार देशी बम और 24 पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी चमरौटी टोला से लखनपुर जाने वाली सड़क से मुखबिर की सूचना पर की गई। इसी तरह दरोगा अमरेंद्र सिंह ने अपनी टीम के साथ रामपाल पुत्र स्व. कल्लू को गिरफ्तार किया है। रामपाल के पास से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। वह शंकरगढ़ क्षेत्र के ही आमगोंदर का रहने वाला है। आमगोंदर पुलिया के पास से गिरफ्त में आए रामपाल के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर चालान भेज दिया गया है। तीसरी गिरफ्तारी शंकरगढ़ थाने के सब इंस्पेक्टर प्रवेश यादव ने अपनी टीम के साथ की। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि दरोगा प्रवेश यादव ने महिला पुलिस कर्मी के साथ एरावती पटेल पत्नी राज बहादुर आदिवासी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 1.3 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। एरावती पटेल शंकरगढ़ कस्बा स्थित चमरौटी टोला, डूडा कालोनी की रहने वाली है। उसकी गिरफ्तारी लखनपुर पानी की टंकी के पास से की गई है। तीनों आरोपियों का चालान भेज दिया गया है।

# वारी दुगार्गंज मार्ग जीर्ण शीर्ण, आवागमन बाधित

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** प्रयागराज भदोही जनपद को जोड़ने वाली सड़क दुगार्गंज वारी संपर्क मार्ग की मरम्मत वर्षों से नहीं हुई है जिसके कारण आवागमन करने वाले राहगीरों में काफी आक्रोश व्याप्त है।बार बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से ग्रामीणों ने गुहार लगाई लेकिन सबने अनसुना कर दिया सड़क पूर्णतः गड्ढे में तब्दील हो चुकी है आम जनमानस टकटकी लगाये देख रहा है कि कब सड़क की मरम्मत होगी लेकिन जनप्रतिनिधियों या प्रशासन का ध्यान इस सड़क पर नहीं जा रहा।इस सड़क पर 24 घंटे आवागमन है सड़क पर पानी बहने के कारण राहगीर गिर कर चुटहिल भी हो जा रहे हैं लेकिन सड़क की मरम्मत काफी वर्षों से नहीं हो रही आम नागरिक मायूस विवश एवं लाचारी में नजर आ रहा कि सड़क मरम्मत की गुहार किससे लगाएं जो सुनकर सड़क मरम्मत करवाए।



# मंदिर अब बनने लगा है भगवा रंग चढ़ने लगा है...

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** चनेथू पाही गांव में रमाकांत शुक्ल, प्रेमचंद्र शुक्ल के निवास पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में तिवारी बंधुओं एवं उनकी टीम द्वारा एक से बढ़कर एक संगीतमय कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सुप्रसिद्ध गायक प्रयागराज की शान तिवारी बंधुओं द्वारा लगातार देश, प्रदेश एवं क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जा रहा है। मधुर संगीत एवं आधुनिक वाद्य यंत्रों तथा झांकियों की प्रस्तुति से उपस्थित लोगों का मन भावविभोर हो जाता है। शुक्रवार को चनेथू पाही गांव में आयोजित वेदांत शुक्ल पुत्र स्व. जितेन्द्र कुमार शुक्ल के तिलकोत्सव में तिवारी बंधुओं ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत करके उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।परिजनों में राजकुमार शुक्ल, राजेंद्र प्रसाद शुक्ल, देवेश, नागेंद्र, विनय, दीपक, अजीत, अंकित, शिवमणि, संतोष, गुल्लू, आशुतोष, गौरव, टिंकू, देबू,



अभिनव, यश, शिवांग, युग, विहान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।लोक गायक प्रयागराज सुजीत तिवारी, लोक गायक प्रयागराज मंजीत तिवारी, लोक गायिका मध्य प्रदेश जावित्री कुमारी द्वारा एकल एवं युगल गीत प्रस्तुत करके उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तिवारी बंधु की टीम में वाद्ययंत्र का सफल एवं कुशल संचालन करने वालों में गौरव, विकास, विशाल, प्रवीण आदि लोग मौजूद रहे।

# भागवत कथा श्रवण से पापों से मुक्ति मिलती है : स्वामी हरिप्रपन्नाचार्य महाराज

अखंड भारत संदेश

**प्रतापपुर।** बरना बाजार में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ के दूसरे दिन शनिवार को कथा व्यास रामानुजाचार्य स्वामी हरिप्रपन्नाचार्य महाराज जी ने परीक्षित जन्म-परिचर्चा, नारद व्यास संवाद, श्री शुकदेव आगमन प्रसंग पर विस्तार से प्रकाश डाला। महाराज ने कहा कि युद्ध में गुरु द्रोण के मारे जाने से क्रोधित होकर उनके पुत्र अश्वत्थामा ने क्रोधित होकर पांडवों को मारने के लिए ब्रह्मास्त्र चलाया। ब्रह्मास्त्र से लगने से अभिमन्यु की गर्भवती पत्नी उत्तरा के गर्भ से परीक्षित का जन्म हुआ। परीक्षित जब बड़े हुए नाती पोतों से भरा पूरा परिवार था। सुख वैभव से समृद्ध राज्य था। वह जब 60 वर्ष के थे एक दिन वह क्रमिक मुनि से मिलने उनके आश्रम गए उन्होंने आवाज लगाई, लेकिन तप में लीन होने के कारण मुनि ने कोई उत्तर नहीं दिया। राजा परीक्षित स्वयं का अपमान मानकर निकट मृत पड़े सर्प को क्रमिक मुनि के गले में डाल कर चले गए। अपने पिता के गले में मृत सर्प को देख मुनि के पुत्र ने श्राप दे दिया कि जिस किसी ने भी मेरे



पिता के गले में मृत सर्प डाला है उसकी मृत्यु सात दिनों के अंदर सांप के डसने से हो जाएगी ऐसा ज्ञात होने पर राजा परीक्षित ने विद्वानों को अपने दरबार में बुलाया और उनसे राय मांगी उस समय विद्वानों ने उन्हें सुखदेव का नाम सुझाया और इस प्रकार सुखदेव का आगमन हुआ। महाराज ने कहा कि भागवत कथा श्रवण मात्र से पापों से मुक्ति मिलती है कहा जिस स्थान पर कथा होती है वहां भगवान विराजमान होते हैं भगवन नाम के जाप से सारे विपत्ति नाश हो जाते हैं। इस जगत में भगवत कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है मनुष्य को समाज में अच्छे काम करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है की कर्म ही प्रधान है, बिना कर्म कुछ संभव नहीं होता है, जो मनुष्य अच्छा व सत्कर्म करता है उसे अच्छा फल मिलता है व बुरे कर्म करने वाले को हमेशा बुरा फल मिलता है इसलिए सभी को अच्छे कर्मों के प्रति आकृष्ट होना चाहिए।इस अवसर पर मुख्य यजमान अनंत प्रसाद तिवारी, कुसुम तिवारी, सावित्री देवी, मानस भास्कर अनुज आचार्य जी महाराज, अंबुज आचार्य, मदन गोपाल आचार्य, मातेश्वर प्रसाद आचार्य, मुन्नू, अभिषेक शुक्ला, त्रिभुवन, भोला, सिंटू, शिवपूजन एवं परिजनों में जनार्दन प्रसाद तिवारी, राधेश्याम तिवारी, प्रकाश नारायण, अभय नारायण, गुलाब नारायण, अजब नारायण तिवारी एडवोकेट, शिवशंकर तिवारी, विनय शंकर तिवारी, सुनील कुमार तिवारी अध्यापक, राम सन्मुख, जितेंद्र प्रसाद, विजय पांडेय, निशाकांत, एडवोकेट अशोक तिवारी, प्रोफेसर सुशील तिवारी, मनोज तिवारी बीडीसी, अरूण तिवारी अध्यापक, अनिल, अवधेश, अखिलेश, मुकेश अध्यापक, रविशंकर, सूर्यप्रकाश, राहुल, नीरज, चंद्रप्रकाश, उज्जवल तिवारी सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### विकास प्राधिकरण का अधिवक्ता नियुक्त किए जाने पर लोगों में हर्ष



**सहसों।** क्षेत्र के कुसुंगुर गांव निवासी अजय मिश्रा पुत्र स्वर्गीय राम लखन मिश्रा को प्रयागराज विकास प्राधिकरण का पैनल अधिवक्ता नियुक्त किया गया है। प्रयागराज पीडीए के प्रभारी अधिकारी विधि के द्वारा शनिवार को पत्र भेज कर उनको यह जानकारी दिया गया। नियुक्त की सूचना पाकर अजय मिश्रा को बहुत ही प्रसन्नता मिली। अजय मिश्रा जिला न्यायालय प्रयागराज में वकालत करते हैं। इस नियुक्ति के बाद परिवारी जन समेत क्षेत्रीय लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

# गंगा स्नान करने गया युवक नदी में डूबा

## गोताखोर की टीम लापता युवक की कर रही तलाश, तीन युवकों को सुरक्षित निकाला बाहर



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज के हंडिया कोतवाली क्षेत्र में बाहरपुर मवैया गंगा घाट पर स्नान करने गए चार युवक गंगा में डूबने लगे' वहीं गोताखोरों ने तीन युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला लिया ' वहीं एक युवक गंगा में डूब गया। जिसकी तलाश लगातार पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में गोताखोरों की मदद से की जा रही है'

**मवेशी चरा रहे युवक ने गंगा में डूबते हुए देखा :** मिली जानकारी के अनुसार हंडिया कोतवाली क्षेत्र के जगुआ सोंधा गांव निवासी ऋषभ मिश्रा पुत्र संतोष मिश्रा, सुनील मिश्रा पुत्र सूर्य नारायण मिश्रा, रजत मिश्रा पुत्र संतोष मिश्रा और अर्जुन पट्टी गांव निवासी अभिनव मिश्रा पुत्र सुनील कुमार मिश्रा चारों साथी गंगा स्नान करने के लिए कोतवाली क्षेत्र के बाहर पुर मवइया गंगा घाट पर आए हुए थे। जहां स्नान के दौरान अभिनव और ऋषभ गहरे पानी में चला गया। तभी बगल में ही गांव का एक युवक मवेशी चरा रहा था। उसने अभिनव मिश्रा व दो अन्य युवकों को बचा लिया। लेकिन ऋषभ मिश्रा पुत्र संतोष मिश्रा गंगा नदी में गहरे पानी में चला गया।घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची हंडिया पुलिस के द्वारा एनडीआरएफ की टीम को सूचना दिया गया' मौके पर मौजूद गोताखोरों द्वारा डूबे युवक की लगातार तलाश जारी है। लेकिन अभी तक युवक का पता नहीं चल सका है।

## हार्ट अटैक से बीजेपी के सिरसा मंडल अध्यक्ष की मौत, क्षेत्र में शोक की लहर



**सिरसा।** मेजा में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी रमेश चंद्र केसरवानी का हार्ट अटैक के चलते निधन हो गया। उनके निधन से सिरसा बाजार में शोक की लहर दौड़ गई। बता दें कि तीन-चार दिनों पूर्व उन्हें अटैक पड़ा था, इसके बाद उन्हें लखनऊ के मेदांता में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार दोपहर उन्होंने अंतिम सांस ली।शनिवार को उनके पैतृक घर सिरसा के छतवां गंगा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार मेंपहुंची पूर्व विधायक नीलम करवरिया ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि व्यापारियों के मुद्दे को उठाने वाले और भाजपा के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले रमेश केसरी का निधन पार्टी के लिए अपूर्ण क्षति है, इसकी पूर्ति नहीं की जा सकती। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी।बता दें कि रमेश चंद्र केसरी जिन्हें वरिष्ठ समाजसेवियों में गिना जाता और व्यापारी मुद्दों पर बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। कभी किसी की मदद में उन्होंने अपना हाथ पीछे नहीं खींचा। सदा लोगों की मदद के लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा ही लिया। उनके इस आकस्मिक निधन से नगर पंचायत सिरसा में शोक की लहर दौड़ गई। हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## हंडिया में दिनदहाड़े तमंचे के बल पर हुई लूट

### बाइक सवार बदमाशों ने धमका कर रुकवाया ऑटो और फिर महिला से छीन लिए जेवर



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र में अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस अपराध को रोकथाम के लिए लगातार अपराधियों के खिलाफ मुहिम चला रही है, तो वहीं अपराधी भी खुलेआम बेखौफ होकर अपराध को अंजाम दे रहे हैं, जिसे देखकर साफ जाहिर हो रहा है कि अपराधियों के अंदर से पुलिस का खौफ खत्म हो चुका है। उनके हौसले बुलंद हैं।ऐसा ही एक मामला हंडिया थाना क्षेत्र के बरौत-धोबहा मार्ग पर स्थित बनकट गांव स्थित एक नहर पुलिया के पास देखने को मिला, जहां बेखौफ बाइक सवार बदमाश तमंचे के बल पर एक महिला से जेवरात लूटकर फरार हो गए, जिसके बाद पीड़ित महिला ने लूट की शिकायत बरौत पुलिस चौकी को दी। लूट की सूचना मिलने के बाद पुलिस अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है।हंडिया क्षेत्र के सदरेपुर निवासी विपिन गुप्ता और उनकी पत्नी कुसुम देवी गोपीगंज के जगन्नाथपुर गांव से टेम्पो रिजर्व करके अपने रिश्तेदार के घर जरावं जा रहे थे। शुक्रवार की शाम को करीब पांच बजे बरौत से धोबहा रोड पर स्थित बनकट पुलिया के पास तीन बाइक सवार ने टेंपो को रोककर बैठने की बात कही। ऑटो चालक ने आटो रिजर्व होने की वजह से उन्हें जब नहीं बैठाया, तो बदमाशों ने चालक के कनपटी पर तमंचा सटा दिया। ऑटो में बैठी महिला कुसुम देवी के गले से आभूषण लेकर फरार हो गये। पीड़िता ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस से कर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय के तीन प्रोफेसर की तलाश कर रही पुलिस

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के रिटायर्ड प्रो. मनमोहन कृष्णा श्रीवास्तव, रिटायर्ड प्रो. प्रहलाद कुमार और वर्तमान कार्यरत प्रो. मो. जावेद अख्तर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया है।यह मुकदमा इकोनॉमिक्स विभाग की असिस्टेंट महिला प्रोफेसर ने 2016 में इन तीनों प्रोफेसर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसमें सोमवार को कोर्ट द्वारा तीनों आरोपी प्रोफेसर के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी किया गया था। तभी से तीनों प्रोफेसर फरार चल रहे हैं। वहीं कर्नलगंज थाने की पुलिस लगातार इनके घरों पर दबिश दे रही है। लेकिन अब तक इनका कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस इनके घर के अगल-बगल के लोगों से पूछताछ कि तो पता चला कि कई दिनों से इन सब के घर पर ताला लगा है।

**छात्रों ने दिया 48 घंटे का अल्टीमेटम, सोमवार को होगा व्यापक आंदोलन :** मंगलवार को इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रसंघ भवन पर आंदोलनकारी छात्रों ने कुलपति का पुतला फूंक करके अपना विरोध प्रदर्शन किया था।

**यौन उत्पीड़न का 2016 में महिला असिस्टेंट प्रोफेसर ने दर्ज कराया था मुकदमा, विश्वविद्यालय प्रशासन पर बचाने का आरोप**



विश्वविद्यालय प्रशासन पर तीनों प्रोफेसरों को बचाने का आरोप लगाया था। वहीं छात्र नेता अजय सम्राट ने कहा इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रशासन तीनों प्रोफेसर आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रहा है। मनमोहन कृष्णा जो कि कुलपति के स्वजातीय है और चाहती हैं कि मनमोहन कृष्णा को रिटायर होने के बावजूद अभी भी नीति आयोग चेयरपर्सन के सदस्य हैं। अभी तक उन पर कोई विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं की गई। जिससे छात्रों में व्यापक आक्रोश है।136 वर्षों में पहली महिला कुलपति बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। लेकिन संगीता श्रीवास्तव उन तीनों आरोपियों को बचाने में लगी है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। यदि सोमवार तक रिटायर्ड प्रोफेसर मनमोहन कृष्णा, वर्तमान कार्यरत प्रोफेसर जावेद अख्तर के खिलाफ विश्वविद्यालय प्रशासन कार्रवाई नहीं करता तो मंगलवार को एक व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

# सगाई से दो दिन पहले युवक की मौत

## काम से लौटने के बाद घर में बेहोश होकर गिरा, परिजनों ने अस्पताल में कराया था भर्ती

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट के थरवई थाना क्षेत्र में एक लड़के की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उसके शव का पोस्टमार्टम कराया, तो मौत की वजह पॉइजनिंग पाई गई। लड़के की 8 मई को सगाई होने वाली थी। पूरा परिवार उसी में जुटा हुआ था। अचानक युवक की मौत से खुशियों के आंगन से मातम छा गया।

**फाफामऊ स्थित एक कपड़े की दुकान में काम करता था मृतक :** गंगापार के थरवई थाना क्षेत्र में गोमती नंबर-40 निवासी राम मिलन प्रजापति के दो बेटे और चार बेटियां हैं। छोटा बेटा दिनेश प्रजापति फाफामऊ स्थित एक कपड़े की दुकान में काम करता था। उसकी शादी सिकंदरा बहरिया में तय हुई थी। 8 मई को उसकी सगाई होनी थी। मृतक के पिता राम मिलन प्रजापति ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब 10:30 बजे वह अपनी दुकान से घर पहुंचा, तो बोला उसका सिर चकरा रहा है। मां फूला देवी ने उसे पानी लाकर पीने को दिया। पानी पीते ही वह वहीं गिरकर बेहोश हो गया। उसके मुंह से झाग निकल रहा था। परिवार के लोग उसे नजदीकी अस्पताल ले गए। जहां से उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। रातों-रात उसे बेली हॉस्पिटल में ले जाकर भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सुबह पता चलने पर पहुंचीपुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम भेज दिया। दोपहर बाद उसकी लाश का पोस्टमार्टम हुआ, तो उसमें मौत की वजह पॉइजनिंग पाई गई।

**अपने पंसद से तय किया था शादी :** पिता राम मिलन प्रजापति का कहना है कि दिनेश ने अपनी पसंद से शादी तय की थी। उसने लड़की स्वयं पसंद की थी। परिवार के लोग भी उसने राजी थे। सब कुछ सही चल रहा था। फिर अचानक क्या, कैसे और क्यों हुआ, कुछ पता नहीं चल रहा है।थानाध्यक्ष लोकेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मौत की वजह स्पष्ट नहीं हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## मेजा पुलिस ने 02 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** थाना मेजा पुलिस टीम द्वारा मु0नं0 37/19 धारा 406/323/504/506/427 भादंवि0 व 3(1) द, 3 (ध) एससी/एसटी एक्ट सेसम्बन्धित वारंटी अभियुक्त अश्वनी कुमार दुबे पुत्रचक्रमाधव शरण दुबे नि० सिरसा थाना मेजाप्रयागराज व मा0 एसीजेएम 10 इलाहाबाद केमु0नं0 1115ए/09 मु0अ0सं0 429/08 धारा395/397 भादंवि० से सम्बन्धित वारण्टीअभियुक्त फूलचन्द्र पुत्र रामचन्द्र उर्फ राजकरनमुसहर नि० मेजा थाना मेजा प्रयागराज कोगिरफ्तार किया गया। नियमानुसार आवश्यकविधिक कार्यवाही की गयी। जिसमेंउ0नि0 जगदीश कुमार,उ0नि0 प्रभुनारायण यादव हे०का० केन्द्र प्रकाश का0 प्रदीप कुमार आदि रहे।

## जीत के लिए उम्मीदवार अब मंदिरों में टेक रहे हैं मत्था

अखंड भारत संदेश




**झूंसी।** नगर निगम के प्रथम चरण का चुनाव गुरुवार को सकुशल सम्पन्न हो गया। चुनाव में 20 दिनों तक मतदातों के चौखट खटखटाने वाले कार्यकर्ता अब अपने उम्मीदवार के साथ मंदिरो की चौखट पर मत्था टेक रहे है साथ ही जीत के लिए मन्नत मांग रहे है। नगर निगम की सीमा में शामिल झूँसी के 10 वार्डो के लोगो ने पहली बार महापौर व पार्षद के लिए मतदान किया। अब सभी प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम मशीन में बंद हो गई है। चुनाव के बाद हर तरफ सन्नटा है। चुनाव में मौज काटने वाले कुछ कार्यकर्ता की हालत ऐसी है जैसे उनका कुछ खो गया है तो कुछ कार्यकर्ता अब भी व्यस्त है। चुनाव की घोसड़ा होते ही कार्यकर्ता पहले अपने उम्मीदवारों के लिए पार्टियों से टिकट की दौड़ में लगे थे। फिर चुनाव में व्यस्त रहे और अब चुनाव के बाद चाय पान की दुकानों पर अपने उम्मीदवार की जीत के दावे कर रहे है कोई जीत पर संसय जाता रहा है तो समर्थक उंगलियों पर वोट का आंकड़ा गिना रहे है। तो वही कुछ उम्मीदवार तो अपने समर्थकों के साथ मंदिरो में माथा टेकर कर अपनी जीत की मन्नत मांग रहे है। मतगड़ना में अभी हप्ते भर का समय है पर ये दिन उनके लिए पहाड़ जैसे साबित हो रहे है।

## नहर बहाव के बावजूद तालाबों में नहीं है जलभराव

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** भइयां ग्राम पंचायत में तहसील का सर्वाधिक तालाब हैं। बावजूद इसके अधिकतर तालाबों में जलभराव नहीं है। कारण बताते हुए ग्रामीण पूर्व प्रधान बन्धू आदिवासी, भारतीय जनता पार्टी कोहड़ार मंडल अध्यक्ष गोविंद प्रसाद मिश्र, राजकुमार,जियना देवी आदि ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा मेहनत करके नहर से पानी तालाबों तक पहुंचाया जाता है। किंतु तालाबों में पाईप लगाकर बंधाई न होने की वजह से पानी बाहर निकल जाता है । पंचायती राज अधिनियम के तहत तालाबों एवं कुओं को संरक्षित करते हुए दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को दी गई है किन्तु इस गांव में तालाबों की दशा बेहद खराब है।क?ई तालाब तो अतिक्रमण के जद में हैं जबकि ऐसे भी तालाब हैं जिनमें नये प्रधानमंत्री आवास बनते दिखाई दे रहे हैं। ग्राम लेखपाल गौरीशंकर ने बताया कि ऐसे लाभार्थियों द्वारा तालाब की भूमि पर प्रधानमंत्री आवास बनाए जा रहे हैं जिनके पास आवासीय भूखण्ड का अन्यत्र पट्टा है व मना करने पर भी न मानने की वजह से मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। पर्यावरण



संरक्षण एवं तालाबों को सुरक्षित रखने की मुहिम चला रहे जनसुनवाई फाउंडेशन के जनपद प्रभारी अधिवक्ता विवेक सिंह रानू ने ग्राम प्रधान पति दिनेश आदिवासी पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधान द्वारा पाईप के नाम पर धन निकासी की गई है जबकि एक भी पाइप गांव में कहीं भी नहीं लगाई गई न ही तालाबों में पाईप लगाकर पानी को ही संरक्षित किया जा रहा है।इसी तरह से तालाबों पर प्रधानमंत्री आवास का निर्माण भी लाभार्थियों से पैसा लेकर कराया जा रहा है। ग्रामीणों की मानी जाय तो क?ई तालाबों में खेती की जाती है तो कई तालाबों में मकान बनाने की होड़ सी लगी है। आश्चर्यजनक बात लगती है कि तहसील स्तरीय अधिकारियों का भी आना-जान भी लगा रहता है किन्तु किसी भी प्रकार से अतिक्रमण पर हस्तक्षेप नहीं किया जाता है जिसकी वजह से अतिक्रमण कताओं को लगता है कि तालाबों को पूरी तरह से निस्तनाबूत भी कर देने पर कोई समस्या नहीं है।

## अभियोजन को कानून का प्रयोग अखाड़े के रूप में करने की नहीं दी जा सकती छूट : हाई कोर्ट

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि समाज में प्रभावशाली लोग अपने प्रतिद्वंद्वियों को झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश करते हैं। ताकि, उन्हें कुछ समय के लिए जेल भेजकर उनकी बदनामी करा सके। लेकिन, अभियोजन को इसकी स्वीकृति नहीं दी जा सकती है कि कानून को अखाड़े के रूप में इस्तेमाल कर अपना स्कोर बढ़ा सकें।कोर्ट ने मौजूदा मामले में माना कि पत्नी की मौत गंभीर बीमारियों की चपेट में आकर सेप्टिसिमिया से हुई। जिससे कि उसके शरीर के कई अंग काम करना बंद कर दिए। ऐसे में यह नहीं कहा जा सकता है कि दहेज के लिए उसके पति ने उत्पीड़न किया, जिससे कि महिला की मौत हो गई। कोर्ट ने इस टिप्पणी के साथ मेरठ के याची उदित आर्या की अग्रिम जमानत अर्जी मंजूर कर ली। उसे निजी मुचलके और दो प्रतिभूतियों के साथ रिहा करने का आदेश दिया।अग्रिम जमानत अर्जी पर न्यायमूर्ति कृष्णा पहल सुनवाई कर रहे थे। याची के खिलाफ उसकी पत्नी की मौत के बाद उत्पीड़न करने का आरोप लगाकर मेरठ के गंगानगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। कहा गया कि पति ने दहेज में 60 लाख रुपये और एक कार की मांग की। जब दहेज नहीं मिला तो उसका उत्पीड़न किया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। याची के अधिवक्ता ने कहा कि उनके मुवक्किल की पत्नी की तबीयत खराब थी। वह मायके चली गई और वहां रहने के दौरान उसने गर्भपात कराया था। इस वजह से उसकी हालत गंभीर हो गई। इसी दौरान उसे डेंगू भी हो गया। पति ने उसे खून भी दिया था। हॉस्पिटल के रिकॉर्ड पर सारी चीजें दर्ज हैं। कोर्ट ने तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए पाया कि यह प्राथमिकी कानून का दुरुपयोग है। पत्नी की मौत सेप्टिसिमिया की वजह से हुई थी। लिहाजा, कोर्ट ने पति/याची की अग्रिम जमानत अर्जी मंजूर कर ली।

# खाते में ही रह गए बच्चों के लिए मिले पांच करोड़ रुपये, परिषदीय स्कूलों को जारी बजट नहीं हो सका खर्च

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित स्कूलों में एसएमसी यानी स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के विभिन्न खातों में सरकार की तरफ से अलग-अलग मद में रुपये भेजे जाते हैं। इन रुपयों का प्रयोग स्कूल के विभिन्न कार्यों में किया जाता है, लेकिन स्कूलों की तरफ से इन रुपयों को खर्च नहीं करने के कारण करीब पांच करोड़ रुपये अब शासन को वापस भेजने पड़ रहे हैं। इसकी तैयारी शुरू हो गई है।परिषदीय स्कूलों में दो साल पहले तक विभिन्न कार्य एसएमसी के अंतर्गत होते थे। इसमें मिड-डे मील को छोड़कर बच्चों की यूनिफार्म, स्कूल की रंगाई पुताई, रख रखाव, मरम्मत, स्लोगन लिखवाने समेत अन्य कार्य शामिल थे। एमएमसी के अध्यक्ष और हेडमास्टर का संयुक्त खाता बैंक में खोला जाता था। इस खाते में शासन की तरफ से भेजे गए रुपयों से सभी कार्य कराए जाते थे, लेकिन जिले के विभिन्न ब्लॉक के स्कूलों में पांच करोड़ से अधिक रुपये आज तक खर्च नहीं हो सके। महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने बचे हुए रुपयों को तत्काल वापस करने का निर्देश दिया गया है।

**दो साल पहले तक प्रत्येक स्कूल में थी कमेटी :** एसएमसी यानी स्कूल मैनेजमेंट कमेटी का गठन प्रत्येक परिषदीय स्कूल में किया जाता था। इसमें कुल 15 सदस्य होते थे। इनमें 11 सदस्य स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक होते थे। 11 सदस्यों में छह महिला और पांच पुरुष सदस्य होना अनिवार्य था। यही सदस्य अपना अध्यक्ष चुनते थे। इसके अलावा हेड मास्टर पदेन सचिव, एएनएम, लेखपाल और दो अन्य सदस्य मनोनीत होते थे। यही कमेटी स्कूल से जुड़े सभी कार्य संपादित कराती थी।

**शिक्षकों से खूब संवाद करें छात्र : दिव्यकान्त**

**प्रयागराज।** राजकीय इंटर कालेज में शनिवार की प्रातःकालीन सभा में यूपी बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने पहुंचकर विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया। कालेज के प्रधानाचार्य ने छात्रों से सचिव का परिचय कराया तो सभी उत्साहित हो उठे। कहा, अब युग बदल रहा है। शिक्षा के प्रारुप में काफी परिवर्तन हो गया है।प्रतिस्पर्धा बहुत बढ़ गयी है। ऐसे में सभी को अपने को अपडेट करने की जरूरत है। पढ़ाई के शुरूआती दौर से ही उनको चैतन्य होना होगा। उन्हें कौन-सा क्षेत्र चुनना है इसकी एक रणनीति तैयार करनी होगी। सफलता का कोई शार्टकट रास्ता नहीं है। इसके लिए एक कठिन रास्ते से गुजरना पड़ता है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्प ही आपको मंजिल तय करने में मदद करेगी।



## युवाओं के बीच प्रतियोगिता, मिलेगा नकद पुरस्कार

### प्रयागराज में नेहरू युवा केंद्र की ओर से युवाओं को मिलेगा मौका

**प्रयागराज।** नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा युवा उत्सव का आयोजन किया जाना है। इस इस उत्सव में युवाओं को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जो युवाओं से जुड़ा होगा। भाषण प्रतियोगिता, फोटोग्राफी, काव्य लेखन, समूह सांस्कृतिक जैसी कई प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिला युवा अधिकारी जागृति पांडेय ने बताया कि इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विजेताओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले विजेता को 5 हजार रुपए पुरस्कार दिया जाएगा। इसमें 15 से 29 वर्ष तक के युवा प्रतिभाग शामिल कर सकते हैं। सभी प्रथम एवं द्वितीय विजेताओं को मोदी 20 किताब भेंट की जाएगी।

# प्रस्तुतिपरक ग्रीष्मकालीन बाल रंग कार्यशाला 20 मई से

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मम्फोर्डगंज स्थित राष्ट्रीय शिशु विद्यालय में आगामी 20 मई से बहुजन समाज के 07 से 17 आयु वर्ग के बच्चों के सृजनात्मक, कलात्मक और व्यक्तित्व विकास के लिए प्रबुद्ध फाउंडेशन, डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा), देवपती मेमोरियल ट्रस्ट और बाबासाहेब शादी डाट काम के संयुक्त तत्वधान में प्रबुद्ध फाउंडेशन के प्रबंधक/सचिव उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रंगकर्मी, रंग निर्देशक आईपी रामबृज की देखरेख मे संचालित की जाएगी। आवेदन फार्म प्रीतम नगर स्थित संत गाडगे भवन, मम्फोर्डगंज स्थित राष्ट्रीय शिशु विद्यालय और अलोपीबाग स्थित गौतम मोटर पाट्‌र्स से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। नाट्य कार्यशाला में नृत्य, नाटक व गायन के विविध कला आयामों के विषय मे प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी प्रतिभागी बच्चे बहुजन समाज की ढाई हजार साल पहले की समण संस्कृति या मूलनिवासी संस्कृति या बहुजन संस्कृति या बौद्ध संस्कृति से रूबरू होकर अंधविश्वास, पाखंड और कुरीतियों से मुक्त होकर भारतीय संविधान के अनुरूप वैज्ञानिक सोच पर आधारित बहुजन संस्कृति को पुनर्स्थापित करने की दिशा में भिज्ञ होंगे। प्रतिभागी बच्चे भारत के प्राचीनतम इतिहास, साहित्य, कला और संस्कृति से भी अभिभूत होंगे। प्रस्तुतिपरक

### रंग कार्यशाला में बहुजन संस्कृति व रंगमंच से रूबरू होगे बच्चे



ग्रीष्मकालीन बहुजन बाल रंग कार्यशाला का समापन आगामी 11 जून 2023 को शाम 05 बजे से मम्फोर्डगंज स्थित राष्ट्रीय शिशु विद्यालय के प्रांगण में विभिन्न नृत्य, नाटक व गायन की प्रस्तुतियों के साथ किया जाएगा। विशेष जानकारी के लिये कार्यशाला के संयोजक आईपी रामबृज के मोबाईल नम्बर 9454697841 व 6392041878 पर सम्पर्क सकते हैं।

# इंटर में दसवां स्थान पाने वाली छात्रा का हौसला अफजाई करने पहुंचे राजा अनिल

## बीएससी का खर्च उठाएगा विद्यालय परिवार


छात्रा को गुलदस्ता देकर सम्मानित करते प्रधानाचार्य।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेष माध्यमिक षिक्षा की इंटर की परीक्षा में दसवां स्थान हासिल करने वाली पी बी इंटर कॉलेज की छात्रा क्षमा सिंह को उसके घर जाकर विद्यालय के प्रबंधक राजा अनिल प्रताप सिंह एवम प्रधानाचार्य डॉ अनूप कुमार सिंह ने नगद पुरस्कार के साथ गुलदस्ता भेट कर मुंह मीठा कराया।इस अवसर पर प्रबंधक अनिल कुमार सिंह ने आश्वत किया कि उच्च शिक्षा हेतु छात्रा क्षमा की बीएससी की पढ़ाई का संपूर्ण खर्च राजा अनिल प्रताप सिंह देंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभाएं हैं जो अवसर पाने पर निखरती हैं। उन्होंने कहा कि मुझे खुषी है कि आज मेरे कालेज की एक छात्रा ने सम्मानजनक ओहदा प्राप्त किया है। इसके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं और इसके विद्यालय स्तर पर जितनी भी सहायता हो सकेगी, की जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय लोगों के आलावा विद्यालय से करुणेश सिंह, अमरेंद्र सिंह, अवधेश सिंह, शमशाद अहमद आदि लोग उपस्थित थे।

## कुलदीप बने मणिपुर के सुरक्षा सलाहकार, लोगों में हर्ष

**अखंड भारत संदेश**


कुलदीप सिंह।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय क्षेत्र के मधुकरपुर के लाला का पुरवा निवासी कुलदीप सिंह को मणिपुर सरकार ने सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया है। श्री सिंह पश्चिम बंगाल कैडर के 1986 बैच के आईपीएस हैं। अभी हाल ही में सीआरपीएफ के डीजी पद से सेवानिवृत हुए हैं। साथ ही एनआईए प्रमुख भी रह चुके हैं। इस उपलब्धि पर उनके पैतृक गांव के साथ ही क्षेत्र के लोगो ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस मौके पर सतीश गौर, ददन सिंह, कुलवंत सिंह, विजय मिश्र बॉबी, हरी बहादुर सिंह, प्रमोद सिंह, राजू केसरवानी, केशव केसरवानी, आदित्य पांडेय, सजन लाल समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## हार जीत की संभावनाओं पर कयास का बाजार गर्म, स्ट्रांग रूम पर पुलिस का पहरा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय लालगंज नगर पंचायत मे मतदान समाप्त होने के बाद अब शुक्रवार को चाय पान की दुकानों व गांव बाजार में हार जीत की संभावनाओं पर चर्चा का माहौल गर्म दिखा। वहीं राजनैतिक दलों के कार्यकर्ता भी अपनी जीत का दावा जताते हुए वार्डो में लोगों से संपर्क साधकर माहौल को भांपने मे मशक्कत करते दिखे। इधर ब्लाक मुख्यालय पर बनाए गए स्ट्रांग रूम पर पुलिस का कडा पहरा देखा गया। वही प्रत्याशियों के समर्थक भी ब्लाक मुख्यालय पर स्ट्रांग रूम के इर्द गिर्द सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते दिखे। लालगंज में लगभग अटठावन प्रतिशत मतदान होने से जीत हार को लेकर अपने अपने समर्थन में समर्थकों को कयास लगाते देखा गया। कुछ उत्साही समर्थक जरूर अपने अपने प्रत्याशियों की जीत का दावा भी ठोंकते दिखे। वहीं चुनाव सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न होने से प्रशासनिक क्षेत्र मे जरूर शुक्रवार को राहत दिखी।

# सत्य एवं सदाचरण का मार्ग ही भगवत कृपा का साधन: आचार्य

## कथा समापन में उमड़े श्रद्धालु


श्रद्धालुओं को कथा का मर्म समझाते आचार्य योगेश।

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के पूरे शंकर खपराही गांव में हो रही श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ में शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमडी दिखी। कथाव्यास करपात्री धाम के भागवत किंकर आचार्य योगेश महराज ने कहा कि भागवत कथा के मर्म को समझने वाले श्रद्धालु को माया मोह की परेशानी से मुक्ति मिल जाया करती है।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म के पालन के लिए सत्य एवं सदाचरण के मार्ग का बोध कराया है। योगेश जी महराज ने बताया कि धर्म की रक्षा के लिए जीवन को सदैव भगवत मार्ग पर समर्पित रखना चाहिए। उन्होनें कहा कि धर्म को मानने वाला सदैव परोपकारी और सहिष्णु हुआ करता है। कथा के संयोजक अवधेश नारायण शुक्ल एवं सुशीला देवी ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। कथा के दौरान भक्तिमयी भजन संकीर्तन पर श्रद्धालु झूम उठे। सह संयोजक विद्याधर शुक्ल व सुभाष शुक्ल ने श्रद्धालुओं का टीका अभिषेक किया। इस मौके पर पप्पू तिवारी, केशवदत्त पाण्डेय, महन्थ द्विवेदी, महेन्द्र तिवारी, आचार्य धीरेन्द्र तिवारी, आचार्य शैलेन्द्र मिश्र, आचार्य दीप नारायण मिश्र, विकास शुक्ल, पंकज शुक्ल, दयाशंकर शुक्ल, कामता प्रसाद शुक्ल, सदाशिव आदि रहे।

## शिक्षक के निधन से लोगो ने जताया शोक

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मूलरूप से पट्टी के रहने वाले शिक्षक का मुंबई में निधन हो जाने से लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त किया है। पट्टी तहसील क्षेत्र के सराय मधई गांव के रहने वाले जगदीश दुबे (60) मुंबई में अध्यापक थे। कुछ दिन पूर्व वह विभाग से सेवानिवृत्त हुए थे और बीते 1 महीने से बीमार चल रहे थे शुक्रवार की रात अचानक हार्ट अटैक आने से उनकी तबीयत खराब हो गई। आनन फानन में परिजन अस्पताल ले गए जहां पर उनकी मौत हो गई उनकी मौत पर पट्टी क्षेत्र के रहने वाले हवलदार सिंह, महाबल वर्मा, नागेश पांडे, पंचदेव मौर्य, विजय सिंह, विजय बहादुर यादव सहित कई शिक्षकों ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। वहीं शनिवार को उनके पार्थिव शरीर को मुम्बई से गांव सराय मधई लाये जाने की तैयारियां चल रही थी।

## अवैध गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जिले के थाना कन्धई से व0उ0नि0 जिलेदार पाल मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र कन्धई के ग्राम ताला के प्राथमिक विद्यालय के पास से एक व्यक्ति प्रमोद सिंह पुत्र राजपति सिंह निवासी ग्राम ताला थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ को 01 किलो 350 ग्राम अवैध गांजा व बिक्री के 1140 रू0 के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना कन्धई में मु0अ0सं0 133/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# जिले में मदरसा बोर्ड परीक्षा के लिये बनाये गए 9 केंद्र

## परीक्षा में शामिल होंगे अलग अलग कक्षाओं के 2472 परीक्षार्थी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले में 17 मई से शुरू हो रही मदरसा शिक्षा बोर्ड की परीक्षा के लिए कुल 9 केंद्र बनाए गए है। निर्धारित परीक्षा केंद्र के केंद्र व्यवस्थापको को परीक्षार्थियों को सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने को कहा गया है। इस परीक्षा में बिभिन्न कक्षाओं के कुल 2472 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

गौरतलब हो कि मदरसा शिक्षा बोर्ड की 17 मई से शुरू हो रही परीक्षा के लिये कुल 9 केंद्र बनाए गए है जिनके केंद्र व्यवस्थापको को सभी मूलभूत सुविधाएं बच्चों को मुहैया कराने के निर्देश दिए गए है। विभाग ने परीक्षा के लिये सारी तैयारियां पूरी कर ली है। जिले में जो 9 परीक्षा केंद्र बने है उनमें रुआबुन निशा अल्पसंख्यक बालिका विद्यालय सगरा सुंदर पुर एनएच इंटर कालेज बरई कुंडा मदरसा मौलाना आजाद ए दार ए उलूम शर्किया भंगवा चुंगी मदरसा मुहैबुल इस्लाम डॉ स्कूल अलीम नगर सराय मकई बाबूगंज इस्लामिया इंटर कालेज रामपुर बजहा मान्धाता मदरसा अरबिया काफियतुल उलूम सिटी मदरसा अल फारूक एंग्लो अरबिक इस्लामी जगदीश पुर मढौली रानीगंज मदरसा गुलिस्तां निष्वा मिजार्पुर चैहारी व अल अमीन पब्लिक स्कूल रेहुआ लालगंज प्रमुख है। इस परीक्षा के लिए शेड्यूल जारी हो गया है। परीक्षा 17 से 24 मई तक करवाई जाएगी जो दो पालियों में होगी। जिसमे प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 8 बजे से 11 बजे तक व द्वितीय पाली की परीक्षा 2 बजे से शाम 5 बजे तक करवाई जाएगी। इस सिलसिले में जिले के अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एस एन तिवारी ने बताया कि 17 से 24 मई तक होने वाली यह परीक्षा जिले में 9 केंद्रों पर होगी इसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

## मदरसा गुलशने मदीना में 15 मई तक लें दाखिला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर के पल्टन बाजार स्थित मदरसा दारुल उलूम गुलशने मदीना में दर्जए हिफ्ज व केरत, मुंशी/मौलवी, आलिम, कामिल, फाजिल का दाखिला कराने की अंतिम तिथि 15 मई 2023 है। जो भी छात्र-छात्राएं प्रवेश कराना चाहें, वह मदरसा कार्यालय में उपस्थित होकर अपना प्रवेश करा लें। 15 मई के बाद प्रवेश नहीं लिया जाएगा। यह जानकारी मदरसा के प्रधानाचार्य मौलाना मुख्तार अहमद हबीबी ने दी।

## ग्रामीणों ने ट्रैक्टर पर लदा सरकारी गल्ला दबोचा, हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लक्ष्मणपुर विकासखंड के पतुलकी गांव में सरकारी खाद्यान्न के ग्रामीणों द्वारा पकड़े जाने को लेकर हड़कंप मच गया। पतुलकी गांव में आरोप है कि शुक्रवार की रात करीब साढ़े नौ बजे चैंतीस बोरी में लदे बीस कुन्टल चावल तथा साढ़े इक्यावन किलो गेहूं को टैज्क्टर से लाद कर कहीं भेजा जा रहा था। अचानक ग्रामीणों की नजर टैज्क्टर पर लदी सरकारी खाद्यान्न की बोरियों पर पड़ गयीं। ग्रामीणों ने टैज्क्टर को दबोच कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर टैज्क्टर को सरकारी खाद्यान्न के साथ बाबूगंज पुलिस चैकी ले आई। शनिवार को सूचना पर पूर्ति निरीक्षक राजसिंह यादव की मौजूदगी में पुलिस चैकी में राशन की तौल कराई गयी। पूर्ति निरीक्षक का कहना है कि सरकारी राशन की बरामदगी की जांच कर रिपोर्ट एसडीएम को सौंपी जाएगी। इधर लीलापुर प्रभारी निरीक्षक सुभाष यादव के मुताबिक सरकारी राशन को लेकर तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा। वहीं टैज्क्टर पर सरकारी राशन की बरामदगी की चर्चा गांव में शनिवार को लोगों की जुबान पर चढ़ी दिखी।

# गर्मी बढ़ते ही बढ़ी तरबूज एवं खरबूजा की मांग, महुली बाजार में सजी दुकानें

**अखंड भारत संदेश**


बाजार में सजी तरबूज व खरबूजा की दुकान।

**प्रतापगढ़।** गर्मी के मौसम में सबसे अधिक आम और खास लोगों को पसंद आने वाला तरबूज एवं खरबूजा स्थानीय बाजारों में खूब धूम मचाया हुआ है। तरबूज और खरबूजा की मांग बढ़ने से स्थानीय व्यापारियों में उत्साह है।

लालगंज क्षेत्र के अन्तर्गत बहलोलपुर बाजार में इन दिनों खरबूजा व तरबज की खपत ज्यादा हो रही है। महुली मण्डी में इन दिनों खरबूजा व तरबूज की डिमाण्ड ज्यादा हो रही है। यहां पर दुकानें भी ज्यादा सजी हुई हैं। कुंडा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत मंठन, जहानाबाद, नौबस्ता, गोतनी, कालाकांकर, सोनामऊ आदि गंगा के कछारों में स्थानीय किसान भरपूर खेती करते है। किसान अवधेश कुमार पटेल,रघु नाथ, वंशीलाल आदि किसानों ने बताया कि फसल तैयार होते ही मांग के अनुसार क्षेत्रीय बाजारों में आपूर्ति करते है। लालगंज, पट्टी, कुंडा, मानिकपुर, नवाबगंज, रानीगंज, कालाकांकर, बाघराय समेत कई स्थानीय बाजारों में मांग अधिक होती है। गर्मी से बचने के लिए स्थानीय आम और खास लोग माधुरी तरबूज के साथ, काले हिरमिंजी और खरबूजों की खरीददारी अधिक करते है। गर्मी के मौसम में आम और खास लोग इन फलों का जमकर लुत्फ उठा रहे हैं, जिससे स्थानीय कारोबारियों में उत्साह है।

## शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर वकीलों ने जिला प्रशासन को सराहा, सम्मानित होंगें डीएम एसपी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** आल इंडिया रूरल बार एशोसिएशन की हुई बैठक में वकीलों ने जिले में नगर निकाय चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की पारदर्शिता को सराहा। वहीं बैठक में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर भी संघर्ष की रूपरेखा पर मंथन हुआ। एशोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिलाधिकारी डॉ. नितिन बंसल तथा पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने पूरे विवेक तथा मतदाताओं के बीच बेहतर संवाद स्थापित कर नगर निकाय चुनाव को भी शांतिपूर्ण कराने को लेकर प्रदेश में प्रतापगढ़ के अमन पसंद होने की नजीर पेश की है। उन्होने निर्वाचन में लगे सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा अपने निष्पक्ष उत्तरदायित्व निर्वाहन को लेकर मतगणना के बाद एशोसिएशन द्वारा डीएम और एसपी को सम्मानित किए जाने का भी ऐलान किया। उन्होने अधिवक्ताओं से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट के मसले पर एकजुटता का भी आहवान किया। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्रा ने किया। इस मौके पर धीरेंद्र शुक्ला, सत्येंद्र श्रीवास्तव, पारसनाथ सरोज, संतोष पांडेय, अनूप पांडेय, विनय शुक्ला, शिवप्रसाद यादव, मो. ईशा, शैलेंद्र सिंह, विपिन शुक्ला, शिवनारायण शुक्ल, अशोक शुक्ला, शैलेंद्र शुक्ला, सुमित त्रिपाठी, सिंटू मिश्रा, अजय सिंह, आशीष तिवारी, संतोष सिंह, शैलेंद्र मिश्रा, प्रभाकर पाल, रूद्रप्रताप पांडेय, रामकिंकर शुक्ल आदि अधिवक्ता रहे।

## पेट्रोल पंप पर खड़ी ट्रक अज्ञात बदमाशों ने किया चोरी

**प्रतापगढ़।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र के बशीरपुर स्थित मां गिरिजा पेट्रोल पंप पर खड़ी ट्रक शुक्रवार को रात में अज्ञात बदमाशों ने चोरी कर लिया। ट्रक मालिक राजेंद्र पाल ने उसे 3 दिन पूर्व पंप के समीप खड़ा किया था। सुबह जब वह पंहुचा तो ट्रक नदारद मिली जिसकी लिखित सूचना पीड़ित ने दिलीपपुर थाने में दी है। दिलीपपुर थानाध्यक्ष राधेश्याम ने बताया कि दिलीपपुर रानीगंज रोड पर बशीरपुर गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप ट्रक मालिक राजेंद्र पाल ने अपना ट्रक खड़ा किया था। सुबह जब वह पंहुचा तो उनका ट्रक नदारद मिला। पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में बदमाश ट्रक चोरी कर ले जाते नजर आए। इस पर पुलिस को शिकायत की गई थी। पुलिस फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुटी है। गांव के बीच से ट्रक चोरी की सूचना मिलने पर ग्रामीण सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहे हैं।


रास्ते पर अवैध अतिक्रमण हटाती जेसीबी।

## प्रशासन ने हटवाया रास्ते से अवैध अतिक्रमण

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रास्ते पर अवैध निर्माण को लेकर प्रशासन ने सख्ती बरतते हुए शनिवार को जेसीबी से अतिक्रमण हटवा दिया। सांगीपुर थाना के देउम पूरब गांव में रास्ते पर दीवाल बनाकर अतिक्रमणियों द्वारा अवैध कब्जे की शिकायत हुई थी। प्रशासन शिकायत की जांच में लापरवाही बरत रहा था। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने कोर्ट की शरण ली। हाईकोर्ट की फटकार पर प्रशासन की नींद टूटी और शनिवार को गांव में पहुंचकर रास्ते में बनी दीवाल को जेसीबी से हटवा दिया। गांव में रास्ते के विवाद को लेकर रामदेव गुप्ता, मोती गुप्ता तथा हीरा गुप्ता ने प्रशासन से पुस्तैनी मकान पर आवाजाही बंद हो जाने की शिकायत की थी। तहसीलदार ने विपक्षी तीर्थराज व हरिनारायण आदि को रास्ते की जमीन पर बनाई गयी दीवाल हटाने का निर्देश दिया था। प्रशासन के आदेश की अनदेखी की फिर शिकायत हुई तो शनिवार को तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और ढाई वर्ष पूर्व बनी दीवाल को रास्ते से हटवा दिया।

## एसएसई पावर हुए पैदल, संजय को मिला प्रतापगढ़ का चार्ज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** स्थानीय रेलवे जंक्शन पर तैनात वरिष्ठ खंड अभियंता (एसएसई) विद्युत से चार्ज लेकर उन्हें पैदल कर दिया गया है। उनके स्थान पर रायबरेली के एसएसई संजय यादव को नया इंचार्ज बनाया गया है। इस आशय का पत्र भी डीआरएम दफ्तर से जारी हो गया है। हटाए गए एसएसई को पद्मावत एक्सप्रेस के मेंटीनेंस का कार्य दिया गया है। बता दें कि सूत्रों के अनुसार कुछ महीने पहले आए नए एसएसई ने आते ही जरूरत से ज्यादा तेजी दिखाई। लोकल होने के चले उन्हें प्रतापगढ़ स्टेशन और स्टाफ को सुधारने के लिए विशेष रूप से भेजा गया है। उन्होंने मीडिया कर्मियों से भी यह बात कई बार कही। हालांकि व्यवस्था में कुछ परिवर्तन दिखा। लेकिन वह ज्यादा समय तक टिक नहीं सका। सूत्रों का कहना है कि इनकी कार्यशैली से लोग नाराज रहने लगे। यूनियनों ने भी इनका विरोध शुरू कर दिया। नेताओं से भी इनका कई बार विवाद हुआ।


अस्पताल के नये महिला वार्ड में लेटे मरीज।

# अब अस्पताल का महिला वार्ड नये भवन में

## मरीजों को मिली राहत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राजकीय मेडिकल कालेज से सम्बद्ध प्रताप बहादुर अस्पताल का महिला वार्ड आज शनिवार को नवनिर्मित अस्पताल के भवन में षिफ्ट कर दिया गया। इससे मरीजों व उनके परिजनों में खुषी देखी गई। बता दें कि पुराने अस्पताल का महिला वार्ड जर्जर हो चुका था। वहां मरीजों को गर्मी से निजाते पाने के लिये घर से पंखा लाना पड़ता था।

आज नये भवन में महिला वार्ड के चले जाने से मरीजों को राहत मिली है। आज पहले दिन महिला वार्ड में 11 बेड लगाये गये हैं। अस्पताल सूत्रों का कहना है कि धीरे-धीरे और बेड महिला वार्ड में लगेंगे। बता दें कि जिला अस्पताल का पुराना भवन जर्जर होने पर शासन ने अस्पताल का नया भवन बनाया है जो आधुनिक सुख सुविधाओं से लैस है। नये भवन में ओपीडी पहले ही जा चुकी है। अब एक-एक वार्ड अस्पताल के नये भवन में शिफ्ट किये जा रहे हैं।

# अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, दो की हुई मौत

## घुईसरनाथ हाइवे स्थित बछवल के पास हुई घटना, परिजनों में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शुक्रवार की रात एक तिलक समारोह से लौट रहे बावर्ची की बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। घटना में दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसका इलाज अभी भी चल रहा है,वही पुलिस ने मृतकों का पंचनामा करके शव को पीएम के लिए भेज दिया।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बरीबोझ में पांच मई को संतराम चौरसिया के यहां तिलक समारोह था।कार्यक्रम में खाना बनाने के लिए प्रयागराज के सीताकुंड निवासी छेदी लाल यादव का बेटा संदीप (24), प्रमोद सिंह पुत्र शिव मूरत सिंह धनवा, बाघराय, प्रतापगढ़ व रूपचंद्र यादव पुत्र मुन्नी लाल आए हुए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद तीनों रात्रि लगभग 11 बजे एक ही बाइक से घर के लिए निकले थे। गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर स्थिति बरीबोझ के पास पहुंचे की बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।गांव के लोगो को जब घटना की जानकारी हुई तो तुरंत एंबुलेंस की मदद से घायलों को ट्रामा सेंटर भेजवाया,जहां डॉक्टरों ने संदीप व प्रमोद को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल रूपचंद्र का प्राथमिक उपचार के बाद हालात गंभीर देखते हुए जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव का पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया। वहीं घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया।

## प्रेमिका के परिजनों को फंसाने के लिए खुद को मारी थी गोली

### पुलिस ने किया खुलासा आरोपी भेजा गया न्यायालय

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय कस्बे के एक व्यापारी पुत्र ने प्रेमिका के परिजनों को फंसाने के लिए खुद को गोली मारी थी। जांच कर रही पुलिस को घायल युवक ही दोषी पाया गया। आरोपित पर पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के नगर स्थिति कारोबारी श्रीकांत कौशल का बेटा उत्कर्ष (22) बीते चार अप्रैल को बाइक से भटनी स्थिति ननिहाल जा रहा था। भटनी के पहले ही वह लहूलुहान सड़क के किनारे पड़ा हुआ था। राहगीरों ने देखा तो घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा की युवक के पेट की ऊपरी सतह पर गोली लगी हुई है और पास में ही अवैध पिस्टल भी पड़ी मिली थी।पुलिस ने घायल युवक को लालगंज ट्रामा सेंटर भेजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालात नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने मेदांता लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। घटना के बाबत परिजनों ने युवक के प्रेमिका के भाईयो पर ही मामला दर्ज कराया दिया। लेकिन यह बात कई पहलुओं पर जांच करने के बाद पुलिस की समझ से दूर थी। घटना स्थल पर ही पिस्टल का मिलना, युवक का गायब मोबाइल के साथ ही स्थानीय लोगो द्वारा कोई साक्ष्य न मिलना इन सब बातो से पुलिस को घटना संदिग्ध दिखने लगी। वहीं पुलिस की जांच में प्रेमिका की आपत्तिजनक फोटो भी वायरल होने के साक्ष्य युवक के ही मोबाइल से ही मिले। पुलिस की गहन जांच में घायल युवक ही आरोपित पाया गया। युवक ने प्रेमिका के परिजनों पर दबाव बनाने के लिए खुद को गोली मारकर साजिश रची थी। पुलिस ने आरोपित पर गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया।

## खबर संक्षेप

### सीओ ने किया थाना पुलिस के साथ गस्त

**कौशाम्बी।** क्षेत्राधिकारी चायल द्वारा थाना संदीपन घाट पुलिस बल के साथ कस्बा मूरतगंज में फूटमार्च के दौरान, व्यापारियों से सीसीटीवी लगाने और सड़क पर अवैध अतिक्रमण न करने के संबंध में वार्ता की गई। संदिग्ध व्यक्तियों एवं गाड़ियों की चेकिंग की गई।

### मंझनपुर सीओ ने रात में किया हाईवे चेकिंग

**कौशाम्बी।** क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा रात्रि हाईवे चेकिंग के दौरान, पुलिस पिकेट्स और क्यूआरटी ड्यूटी, पीआरवी वाहनों, ढाबों और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई एवं सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए गए।

### क्षेत्राधिकारी ने किया स्ट्रांग रूम चेक

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा नगर निकाय निर्वाचन मतदान के उपरान्त बाबू सिंह डिग्री कॉलेज सिराथू के स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा में लगे ड्यूटी कर्मियों को चेक किया गया व संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# डीएम ने खेलों इण्डिया-यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 मशाल रैली को किया रवाना

## जनपद में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं, कई खिलाडियों ने पदक जीतकर किया जनपद, प्रदेश एवं देश का नाम रौशन : डीएम

**अखंड भारत संदेश**




खेलो इंडिया कार्यक्रम में डांस करती बालिकाएं



खेलो इंडिया कार्यक्रम को संबोधित करते डीएम

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने डायट मैदान से खेलों इण्डिया-यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 मशाल रैली को रवाना किया यह मशाल रैली डायट मैदान से प्रारम्भ होकर मंझनपुर चैराहा से ओसा होते हुए स्पोटर्स स्टेडियम, टेवा तक निकाली गई। मशाल रैली के माध्यम से खेलों इण्डिया-यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 का प्रचार-प्रसार कर आमजन को जागरूक किया गया। मशाल रैली कार्यक्रम का समापन स्पोटर्स स्टेडियम, टेवा में किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर आमजन को खेलों इण्डिया-यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 के प्रति जागरूक किया। डीएम ने कहा कि शासन द्वारा खेलों को बढावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाये गये है तथा युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने जनपद के युवाओं से खेल-कूद प्रतियोगिताओं में बढ-चढकर प्रतिभाग करने का आवाह्न करते हुए कहा कि जनपद में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है जनपद के कई खिलाडियों ने खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर जनपद, प्रदेश एवं देश का नाम रौशन किया है। सीडीओ डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने समापन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा खेलों को अधिक से अधिक बढावा देने का कार्य किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप प्रत्येक स्तर पर यथा-विद्यालय, विश्वविद्यालय, जनपद स्तर एवं मण्डल स्तर आदि स्तरों पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है उन्होंने कहा कि खेल से स्वास्थ्य भी ठीक रहता है तथा बहुत से युवा खेल में अपना कैरियर बनाते है। उन्होंने बच्चों से कहा कि खेल के मैदान में जरूर जायें तथा जो बच्चें अच्छा खेल रहे है वे खेल में अपना कैरियर भी बना सकतें है। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह एवं जिला क्रीडाधिकारी रूस्तम खान (सेवानिवृत्त) सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे। बतादें कि मुख्यमंत्री द्वारा 05 मई 2023 को लखनऊ में खेलों इण्डिया-यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 के एंथम, लोगो, जर्सी एवं शुभंकर का अनावरण तथा मशाल को प्रज्जवलित किया गया उत्तर प्रदेश खेलों इण्डिया-यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 की मेजबानी कर रहा है। यह प्रतियोगिता प्रदेश के 04 शहरों-नोयडा,वाराणसी, लखनऊ एवं गोरखपुर में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में 200 विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्रायें प्रतिभाग करेंगे।

## एसपी ने किया स्ट्रांगरूम का निरीक्षण



**कौशाम्बी।** जनपद में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होने के पश्चात सभी मतपेटियों को जिला प्रशासन ने स्ट्रांगरूम में रखवा दिया है और कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित की गई है पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव द्वारा नगर निकाय निर्वाचन मतदान के उपरांत एमबी कान्वेंट स्कूल एन्ड कालेज ओसा मंझनपुर में मत पेटिकाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत स्ट्रांगरूम का निरीक्षण किया। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान समाप्ति उपरांत नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित जमा करा दिया गया था, जिसके उपरांत मत पेटियों की सुरक्षा हेतु सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है इसके दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक द्वारा स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों को निर्देश के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करने संबंधित आवश्यक निर्देश प्रदान किया।

## विभिन्न थाना पुलिस ने किया पैदल गस्त

**कौशाम्बी।** जनपद में शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत कस्बा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त कर आमजनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया इसी तरह जिले के अन्य थाना पुलिस सैनी कड़ा धाम संदीपन घाट करारी पश्चिम सरीरा सराय अकिल चरवा महेवाघाट मोहब्बत पुर पाइंसा पिपरी थाना कोखराज आदि थाना पुलिस ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में पैदल गस्त कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया और आम जनमानस से वार्ता कर उन्हें कड़ाई से अनुपालन करने को निर्देशित किया पैदल गश्त के दौरान थाना पुलिस ने अपने क्षेत्र में वाहन चेकिंग की व्यापारियों से बात कर सड़क पर वाहन ना खड़े करने की हिदायत दी।

# तहसील बार एसोसिएशन में निर्विरोध निर्वाचित हुए राम नरेश पटेल




तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ता

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में राम नरेश पटेल पुस्तकालय पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं निर्विरोध निर्वाचन होने पर समर्थकों ने उन्हें माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया है। चायल तहसील में बार एसोसिएशन का चुनाव 23 मई के दिन होना है। विभिन्न पदों के लिए दावेदारी ठोकने वाले प्रत्यासी नामांकन पत्र खरीद कर दाखिल कर चुके हैं। इसी के साथ पुस्तकालय पद के लिए राम नरेश पटेल ने पर्चा खरीदा उनके बाद पुस्तकालय पद के लिए किसी अन्य प्रत्यासी ने पर्चा नही दाखिल किया जिससे बार एसोसिएशन चायल के चुनाव अधिकारी ने रामनरेश पटेल को पुस्तकालय पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया है। राम नरेश जैसे ही निर्विरोध निर्वाचित हुए उनके समर्थकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई और उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया राम नरेश पटेल के समर्थक पूरे तहसील में अधिवक्ताओं को मिष्ठान खिलाकर मुंह मीठा कराया और सभी अधिवक्ताओं को धन्यवाद दिया।

# बूंद-बूंद पानी की किल्लत, ग्रामीण झेल रहे परेशानी

**अखंड भारत संदेश**

### दर्जनों बार अधिकारियों से फरियाद करने के बाद हैंडपंप की नहीं हो सकी मरम्मत



**कौशांबी।** गांव क्षेत्र में बूंद बूंद पानी के लिए हाहाकार मचा है गर्मी के महीना के चलते पानी की समस्याएं और बढ़ गई हैं ग्राम पंचायतों में बढ़ते भ्रष्टाचार के बाद चंद रुपयों की कमीशन खोरी के लालच में ब्लॉक के अधिकारी ग्राम प्रधानों की गुलामी करने लगे हैं जिसका खामियाजा आम जनमानस को भुगतना पड़ता है अधिकारियों के इस गुलामी के कारनामे के चलते योगी सरकार की छवि पर बदनुमा दाग लग रहा है उसके बाद भी अधिकारी अपनी आदत में सुधार करने को तैयार नहीं हो रहे हैं ताजा मामला कौशांबी विकासखंड क्षेत्र के बराई बंधवा ग्राम पंचायत का है जहां मोहम्मद फैज के घर के पास लगा हैंडपम्प 2 वर्षों पूर्व खराब हो गया हैंडपंप की मरम्मत के लिए ग्रामीणों ने डीएम कमिश्नर मुख्यमंत्री से लेकर दर्जनों बार मुख्य विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी को शिकायती पत्र देकर हैंडपंप मरम्मत रिबोर कराए जाने की मांग की लेकिन गांव की राजनीति के चलते ग्राम प्रधान ने अधिकारियों के आदेशों का पालन नहीं किया जिससे 2 वर्ष के बीच बार-बार शिकायत किए जाने के बाद भी हैंडपंप की मरम्मत रिबोर नहीं हो सका है हैंडपंप मरम्मत रिबोर ना होने से गर्मी के महीने में बीते 2 वर्षों से ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। गर्मी के महीने में पानी की समस्या अधिक बढ़ जाती है जिससे ग्रामीणों को गांव के दूरदराज से हैंडपंपों से पानी लाकर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है जिले के तमाम ग्राम पंचायतों में हैंडपंप मरम्मत के मामले में बड़े खेल हो रहे हैं करोड़ों रुपए की रकम हैंडपंप मरम्मत रिबोर के नाम पर कौशाम्बी ब्लॉक क्षेत्र में खर्च किए जाने के बाद भी पानी की समस्या बनी हुई है जिनमें खंड विकास अधिकारी कौशाम्बी की संलिप्तता बताई जाती है बार बार शिकायतें हो रही हैं लेकिन उसके बाद भी हैंडपंप मरम्मत के नाम पर घोटाले को अधिकारी गंभीरता से लेकर दोषियों को दंडित नहीं कर रहे हैं लगातार अधिकारियों द्वारा खंड विकास अधिकारी कौशाम्बी को हैंडपंप मरम्मत कराए जाने का निर्देश दिया गया है इतना ही नहीं मुख्य विकास अधिकारी के स्टोनो ने टेलीफोन करके खंड विकास अधिकारी कौशांबी को हैंडपंप मरम्मत कराने के लिए सिफारिश की लेकिन सीडीओ के स्टोनो की सिफारिश पर भी खंड विकास अधिकारी सक्रिय नहीं हुए खराब हैंडपंप मरम्मत कराने के लिए मुख्य विकास अधिकारी से भी टेलीफोन पर फरियाद की गई हैंडपंप खराब होने की सूचना बराई बन्धवा गांव के ग्रामीणों ने कई बार जिला पंचायत राज अधिकारी को भी दिया लेकिन जांच के नाम पर मामला शून्य रहा 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी हैंडपंप की मरम्मत नहीं हो सकी 2 वर्षों के बीच विभिन्न अधिकारियों को दिए गए दर्जनों शिकायती प्रार्थना पत्र रद्दी की टोकरी में चले गए हैं इससे योगी सरकार की कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है। जिले में पानी की विकराल समस्या है गर्मी के महीने में ग्रामीण पानी के लिए परेशान हो रहे हैं हैंडपंप 2 वर्षों से खराब है लेकिन मरम्मत नहीं हो सका शिकायतें होने के बाद भी मामले को रद्दी में डाल दिया जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अधिकारियों के आदेशों का कितना पालन होता है किस तरह से ब्लॉक के अधिकारी कमीशन खोरी की लालच में ग्राम प्रधानों की गुलामी कर रहे हैं हैंडपंप मरम्मत के मामले में इस बात का भी अंदाजा लगाया जा सकता है ग्रामीणों ने एक बार फिर डीएम सीडीओ का ध्यान आकृष्ट कराते हुए 2 वर्षों से खराब हैंडपंप की मरम्मत ना कराने वाले ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर कार्रवाई की मांग करते हुए खंड विकास अधिकारी कौशाम्बी की लापरवाही पर बीडीओ पर भी विभागीय कार्यवाही कर निलंबित किए जाने की मांग की है लेकिन क्या योगी सरकार में मनमानी करने वाले लापरवाह अधिकारियों के कारनामों पर कठोर कार्रवाई हो पाएगी योगी सरकार के निदेर्शों का पालन भी जिले में अधिकारी कर पाएंगे या फिर आप जनता इसी तरह परेशान होती रहेगी और अधिकारी केवल बेहतर कानून व्यवस्था का झूठा हवाला देकर जनप्रतिनिधियों के सामने वाहवाही लूटते रहेंगे इस प्रकरण पर शासन स्तर से उच्च स्तरीय जांच हुई तो कई अधिकारी जांच की आंच में झुलस सकते हैं।

## दबंगों ने युवक पर किया प्राणघातक हमला

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के खुर्रमपुर बजहा कटरा गांव में अमित कुमार उर्फ सेठे के चाचा मंगलदास की लड़की की 08 मई को शादी होना निश्चित है शनिवार को घर में शादी से संबंधित अन्य कार्यक्रम की तैयारी चल रही थी चाचा के लड़की की शादी के पूर्व कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अमित कुमार टेंट हाउस से सामान लेकर शनिवार को अपने घर जा रहा था रास्ते में मोहम्मद हाफिज के घर निकाह का कार्यक्रम था जिससे मोहम्मद हाफिज के घर के बाहर कई दर्जन गाड़ियां सड़क पर खड़ी थी बीच सड़क पर दर्जनों वाहन खड़ा कर दिए जाने से सड़क मार्ग पूरी तरह से जाम हो गया था आवागमन पूरी तरह से बाधित था जिससे टेंट का सामान घर नहीं पहुंच रहा था अमित कुमार ने मोहम्मद हाफिज के परिजनों से कहा कि वह सड़क से कुछ वाहन को हटा ले जिससे उनके घर का टेंट का सामान घर पहुंच सके इसी बात पर मोहम्मद हाफिज और उनके रिश्तेदार परिजन आक्रोशित हो गए और अमित कुमार को पकड़कर गाली गलौज करते हुए बेरहमी से पीटने लगे दिनदहाड़े बीच सड़क पर अराजकता करने वालों ने अमित कुमार को मारपीट कर बाइक छीन ली आसपास के लोग बीच-बचाव करने पहुंचे और मोहम्मद हाफिज के परिजनों से बाइक वापस लेकर आए और अमित कुमार को सौंप दिया है हमले में अमित कुमार को चोटें आई हैं दिनदहाड़े बीच सड़क पर मारपीट करने के मामले की जानकारी करारी थाना पुलिस को दी गई मामले की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची है और अमित कुमार पर हमला करने वाले उल्लू पुत्र मोदी डीजे पुत्र अशरफी और उल्फत अली के लड़का समेत तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस के पहुंचने के पूर्व कई अन्य हमलावर मौके से फरार हो गए हैं जिनकी तलाश सरगर्मी से पुलिस कर रही है।

## सपा नेता ने भाजपा प्रत्याशी पर लगाया हमला करने का आरोप

**कौशाम्बी।** जिले में मंझनपुर नगर पालिका के भाजपा से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी वीरेंद्र फौजी पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवम सपा नेता भोलानाथ ने हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।सपा नेता ने एसपी से इसकी शिकायत की है। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के सरसावा निवासी भोलानाथ ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह पूर्व जिला पंचायत सदस्य है और सपा के सक्रिय सदस्य है,भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र फौजी ने शुक्रवार की शाम को पिपरी थाना क्षेत्र के तिलहापुर के पास गाड़ी पर ईंट पत्थर चलाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है ,सपा नेता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त मिथलेश कुमार पुत्र स्व0 सूरज पाल निवासी बड़ागांव थाना संदीपनघाट को इमामगंज तिराहा के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## जौनपुर गया युवक रहस्यमय परिस्थितियों में लापता

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के सैय्यद सरावा गांव के मजरा कूड़ापुर के मुंसी लाल सोनकर पुत्र सुंदर लाल सोनकर का लड़का गगन प्रकाश सोनकर 27 अप्रैल को जौनपुर जाने को कहकर घर से निकला था 3 दिन बाद उसका मोबाइल नंबर बंद हो गया है गगन प्रकाश वापस घर नहीं लौटा है परिजनों ने उससे संपर्क करने का काफी प्रयास किया लेकिन युवक से परिजनों का संपर्क नहीं हो सका जिससे परेशान परिजनों ने मामले की सूचना चरवा थाना पुलिस को दी है परिजनों का कहना है कि युवक किसी मुसीबत में फंस गया है।

## निरोधात्मक कार्यवाही मे 13 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से एक थाना महेवाघाट से दो, थाना सराय अकिल से दो थाना सैनी से दो थाना कड़ाधाम से चार थाना संदीपनघाट से एक, थाना पिपरी से एक कुल 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

**चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही** : जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 140 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा एक वाहन से 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

# थाना परिसर में बनी मंदिर की रेलिंग तोड़ दान पेटिका उठा ले गए बेखौफ चोर

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** बेखौफ अपराधियों को अब सराय अकिल पुलिस का तनिक भी भय नहीं रह गया है सराय अकिल क्षेत्र में चारों तरफ अराजकता फैली है अपराधी चोर माफिया बेखौफ दिखाई पड़ रहे हैं बेहतर पुलिसिंग की बात करने वाली पुलिस का खौफ नहीं दिख रहा है इसी बीच सराय अकिल थाना परिसर में बने शिव मंदिर की रेलिंग तोड़कर शुक्रवार की रात को मंदिर के भीतर रखी दो दान पेटिका बेखौफ चोरों उठा ले गए हैं सराय अकिल थाना परिसर के भीतर बने शिव मंदिर से दान पेटिका चोरी चले जाने के बाद थाना पुलिस पर तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं इसके 10 वर्ष पहले भी एक बृद्ध अकेली महिला के घर के भीतर सराय अकिल थाना परिसर से घर में घुसे चोरों ने गरीब महिला के घर का बर्तन जेवर आदि सामान उठा ले गए थे मामले में तत्कालीन कप्तान ने थानेदार पर कार्यवाही कर महिला के घर में चोरी की घटना का खुलासा किया था लेकिन क्या इस बार थाना परिसर में बनी शिव मंदिर से दो दान पेटिका उठा ले जाने के मामले का पारदर्शी तरीके से खुलासा हो पाएगा। नगर की जनता बेहतर पुलिसिंग पर सवाल उठाने लगी है कि थाना परिसर में 24 घंटे संतरी पहरेदार की तैनाती होती है दीवान के कमरे में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी होती है थाना कभी सुनसान नहीं होता पुलिसकर्मियों का आना जाना लगा रहता है और पुलिसकर्मियों का चोर उचक्कों के ऊपर दहशत भी होती है लेकिन सराय अकिल के क्षेत्र में चोर उचक्के इस कदर बेखौफ हो गए हैं कि अब उन्हें थाना परिसर के भीतर बने मंदिर में भी चोरी करने में भय नहीं लग रहा है गांव क्षेत्र में घटनाओं को अंजाम देने के साथ-साथ थाना परिसर के भीतर बनी शिव मंदिर की रेलिंग तोड़कर चोरी कर ले जाने के मामले में बेखौफ चोरो को तनिक भय नहीं लगा है यह सराय अकिल कोतवाली पुलिस की सक्रिय पुलिसिंग की मिसाल बन गई है।

### वाहन की बैटरी समेत पान की दुकान से इनवर्टर बैटरी उठा ले गए चोर

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी थाने के पास एक ही रात दो चोरी की घटनाओं से इलाके में अफरा-तफरी मच गई है बताया जाता है कि अशोक कुमार पुत्र मैकू लाल ने गोमती में चाय पान की दुकान खोल रखी है बीती रात उसकी गोमती तोड़ कर के उसके अंदर रखा इनवर्टर और बैटरी चोर उठा ले गए हैं मामले की सूचना अशोक कुमार ने थाना पुलिस को दी है दूसरी घटना इसी थाना क्षेत्र में हुई है सैनी थाने के पीछे रामबाबू पुत्र भैया लाल का वाहन छोटा हाथी खड़ा था आधी रात को छोटा हाथी वाहन की बैटरी चोर उठा ले गए हैं मामले की सूचना रामबाबू ने पुलिस को दी है दोनों घटनाओं का पुलिस सुराग नहीं लगा सकी है। बीते 26 जनवरी 2023 को थाने के बगल चाय की दुकान से स्कूटी चोरी हुई थी 3 महीने के बाद भी स्कूटी चोरी का सैनी पुलिस सुराग नहीं लगा सकी है।

### तहसील बार एसोसिएशन की चुनावी सरगर्मी तेज

**कौशाम्बी।** तहसील बार एसोसिएशन चायल का चुनाव 23 मई को होना है। तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है इस चुनाव में अधिवक्तागण बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। दावेदारों ने नामांकन पत्र खरीदकर अपनी दावेदारी पेश कर दी है। अलग - अलग पद के लिए अधिवक्ताओं ने कुल 13 नामांकन पत्र खरीदे। अध्यक्ष पद के लिए 4, मंत्री पद के लिए 3, कोषाध्यक्ष पद के लिए 2, पुस्तकालय पद के लिए 1, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए 1, प्रकाशन मंत्री पद के लिए 1, उपमंत्री पद के लिए 1 नामांकन पत्र खरीदे गए। नामांकन पत्र बिक्री की समय सीमा समाप्त हो गई है। नामांकन पत्र बिक्री की समय सीमा समाप्त होने के साथ ही दावेदारी पेश करने वाले प्रत्यासी कड़ी मेहनत करने में जुट गए हैं।

# कोविड-19 में अनाथ हुए बच्चे अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए करें आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** प्रयागराज मण्डल के जनपद प्रयागराज(कोराव) में अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस विद्यालय में जनपद कौशाम्बी में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं कोविड-19 के दौरान अनाथ हुए बच्चे प्रवेश के लिए पात्र हैं। यह जानकारी मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने देते हुए बताया कि अटल आवासीय विद्यालय, प्रयागराज की विशेषतायें यथा-13.07 एकड़ पर विश्वस्तरीय विद्यालय का निर्माण हो रहा है। सीबीएसई पैटर्न पर गुणवत्तापरक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगीं। विज्ञान प्रयोगशाला। बच्चों के खेल-कूद के लिए बृहद मैदान एवं खेल-कूद की सम्पूर्ण सुविधा। हरियाली से परिपूर्ण सम्पूर्ण विद्यालय कैम्पस तथा अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं के लियें निःशुल्क छात्रावास एवं निःशुल्क भोजन आदि की सुविधा उपलब्ध है अटल आवासीय विद्यालय का संचालन मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति द्वारा किया जायेगा विद्यालय की क्षमता 1000 बच्चें (500 छात्र एवं 500 छात्राएं) के लिये होगी। वर्तमान शैक्षिक सत्र 2023-24 के लिये कक्षा-06 में कुल 80 बच्चों को प्रवेश दिया जायेगा, जिसमें 40 छात्र एवं 40 छात्राएं होंगी। छात्र एवं छात्राओं के रहने के लिये पृथक-पृथक छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए बीओसीडब्ल्यू बोर्ड में पंजीकृत ऐसे पात्र निर्माण श्रमिक जिनका पंजीयन 01 अप्रैल 2020 के पूर्व हो तथा जिनका पंजीयन हुए 03 वर्ष या उससे अधिक की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुका हो, उनके प्रति परिवारों के अधिकतम 02 बच्चें पात्र होंगे तथा वे बच्चें जो कोविड काल में अनाथ हुए हैं व जिनका पंजीयन महिला एवं बाल विकास विभाग में हुआ है पात्र है विद्यालय में प्रवेश के लिए ऐसे बच्चे जो न्यूनतम कक्षा 05वीं उत्तीर्ण हों तथा जिनकी जन्मतिथि 01.05.2010 से दिनांक 30.04.2013 के बीच हो, विद्यालय में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। यह तिथियां अनु0जाति, अनु0जनजाति एवं अन्य पि0वर्ग तथा सभी श्रेणियों के उम्मीदवारों पर लागू होगा। आवेदन पत्र दिनांक 01.05.2023 से 24.05.2023 पूर्वान्हन 10 बजे से सायं 05 बजे तक (जिला श्रम कार्यालय) श्रम प्रवर्तन अधिकारी कार्यालय, मंझनपुर खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालयों से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते हैं तथा आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 25.05.2023 को सायं 05.00 बजे तक होगी। प्रवेश परीक्षा का आयोजन दिनांक 11.06.2023 तथा 30.06.2023 तक परीक्षा परिणाम घोषित की जायेगी मुख्य विकास अधिकारी ने अपील की है कि सभी पात्र निर्माण श्रमिकों के बच्चों/अनाथ बच्चों का ज्यादा से ज्यादा आवेदन पत्र भरवाया जाय, ताकि अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश पाकर वे उच्च कोटि की शिक्षा ग्रहण कर सकें तथा अपना भविष्य उज्जवल बना सके। प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए मो0 नम्बर-9169467623 एवं 8707330408 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## न्यूज झरोखा : चुनाव

### बालिका का अपहरण करने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कोडर गांव से एक बालिका को भगा ले जाने के मामले में आईपीसी की धारा 366 के तहत बालिका के परिजनों ने मंझनपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और बालिका के साथ आरोपी युवक को पुलिस ने पकड़ लिया है बताया जाता है कि मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कोर्रो गांव के नींबू लाल के पुत्र पुल्लु पर बालिका को भगाने का मुकदमा दर्ज है पुलिस ने आरोपी युवक को बालिका के साथ गिरफ्तार कर लिया है लेकिन युवक के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बाद भी आरोपी युवक को पुलिस ने 2 दिन बाद भी जेल नहीं भेजा है आरोपी युवक को गिरफ्तार करने के बाद भी पुलिस ने लिखा पढ़ी में आरोपी युवक की गिरफ्तारी नहीं दिखाइ है जबकि सूत्रों की माने तो गिरफ्तार आरोपी युवक बीते 2 दिनों से दीवार कोतारी चौकी पुलिस के हिरासत में है आरोपी युवक को 2 दिन बाद भी जेल ना भेजने के बाद पुलिस की मंशा पर सवाल खड़े हो रहे हैं इस गंभीर मामले में विवेचन लीपा पोती में जुटे हैं जिससे बालिका के परिजन परेशान दिखाई पड़ रहे है।

### पुलिस कार्यालय में एसपी ने सुनी जनसुनवाई




**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय में जनतादर्शन में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गई इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/ शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से इतनी दूर पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो, साथ ही सभी प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

## जन संपादकीय

## खेलों का डर्टी दंगल या फिर नियमों का उल्लंघन

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

**किसकी** सरकार है या किसकी थी, ये मुद्दा नहीं है। सवाल ये है कि महिला प्लेयर के साथ हर फेडरेशन क्रिकेट से लेकर कुश्ती तक, यौन शोषण होता है या नहीं। मुद्दा महिला खिलाड़ियों की सम्मान एवं मानसिक, शारीरिक सुरक्षा का है। साथ ही फेडरेशन को खिलाड़ियों के लिए एक सुरक्षित जगह बनाने का है।अगर बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हुई तो महिला खिलाड़ियों में खेल के प्रति रुझान खत्म हो जायेगा। उनका मनोबल गिर जायेगा। महिलाओं की खेलों में भागीदारी कम हो जायेगी। देश की प्रतिष्ठा और महिला खिलाड़ियों की अस्मिता का सवाल है। क्यों राजनीति में दम तोड जाती है प्रतिभाएं, खेलों में राजनीति के सक्रिय होने से प्रतिभावान खिलाड़ियों को दबाया जाता है, खिलाड़ी हमेशा खेल अधिकारियों के दवाब में रहते है। खेलों में मेहनत करने वालों की प्रतिभाएं दबकर रह जाती हैं आवाज उठाने पर खत्म कर दिया जाता है। सर्वोच्च खेलों में पदक विजताओं द्वारा बोर्ड पर ऐसे आरोप और धरने के बाद जांच से बोर्ड और सरकार दोनों का चरित्र स्पष्ट हो रहा है। जो बोर्ड है वहीं सरकार है इसलिए सरकार क्या बोर्ड अध्यक्ष को हटा पाई? क्या निष्पक्ष जांच हुई? डब्ल्यूएफआई का अध्यक्ष एक सांसद है और भारत के लगभग सभी खेल बोर्डों के अध्यक्ष राजनीतिक व्यक्ति है इसलिए खेलों में विशेष प्रगति और विकास के लिए अध्यक्ष का पूर्व खिलाडी होने की मांग भी जोर पकड़ रही है। वैसे भी ऐसे संघों-संस्थाओं पर राजनेता नहीं, खेल प्रतिभाओं को विराजमान करना चाहिए। इन संस्थाओं में पदाधिकारियों का कार्यकाल भी निश्चित होना चाहिए एवं एक टर्म से ज्यादा किसी को भी पद-भार नहीं दिया जाना चाहिए। भारत के लिये कुश्ती ही एक ऐसा खेल है, जो चाहे ओलंपिक हो या राष्ट्रमंडल खेल, सबसे अधिक पदक ले आता है। खिलाड़ियों की फंडेशन नेताओं की नहीं खिलाड़ियों की ही बननी चाहिए। इसमें सीनियर खिलाड़ी होने चाहिए ना कि नेता यह हमारे देश के वह खिलाड़ी है जिन्होंने हमारे भारत देश का नाम चमकाया है। गोल्ड मेडल लेकर आए हैं। इस खेल ने दुनिया में भारतीय खेलों का परचम फहराया है, भारत के खेलों को एक जीवंतता एवं उसकी अस्मिता को एक ऊंचाई दी है। इसके खिलाड़ी अपने जुनून के बल पर विजयी होते रहे हैं। इस तरह दुनिया भर में भारतीय पहलवानों ने देश का खेल ध्वज एवं गौरव को ऊंचा किया है तो ऐसे में अगर कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और प्रशिक्षकों पर महिला खिलाड़ियों के यौन शोषण का आरोप लग रहा है, तो इससे दुनिया भर में भारत की बदनामी हो रही है। यह एक बदनुमा दाग है, एक बड़ी त्रासद स्थिति है। शर्म का विषय है। धरने पर बैठे यही खिलाड़ी जब पदक जीतकर आते है तब खुद राजनीतिज्ञ इन्हे बुलाकर सबके माइक सेट कर करके मीडिया प्रोपगेंडे के लिए सबकी बड़ी सराहना करते है लेकिन जब ये खिलाड़ी खुद के साथ हो रहे दुर्व्यवहार के खिलाफ धरने पर बैठते है। उस समय बड़ी तत्परता दिखाने वाले राजनीतिज्ञों को सांप सूंघ जाता है ऐसा क्यों? यही देश के युवाओं के लिए सही कार्य होता। इसे देश का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि सरकार की बंदिशों के बावजूद अधिकांश खेल संघों पर राजनेताओं और सरकारी अधिकारियों का ही कब्जा है। इनमें बड़ा भ्रष्टाचार व्याप्त है, जो वास्तविक खेल प्रतिभाओं को आगे नहीं आने देती। इन पदाधिकारियों की चिंता खेलों के विकास से अधिक अपने विकास की रहती है। इनका अधिकांश समय भी कुर्सी पर बैठे राजनेताओं को खुश करने एवं खेल संघों की राजनीतिक जोड़-तोड़ में ही व्यतीत होता है। खिलाड़ियों से अधिक तो ये पदाधिकारी सुविधाओं का भोग करते हैं, विदेश की यात्राएं करते हैं। पीड़ित खिलाडियों को भी धरने से पहले ही पक्के सबूत देश और देश के न्यायालय के सामने रखने चाहिए थे।अभी भी समय रहते जो भी है आरोप बेहद गंभीर है, निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और आरोप सिद्ध होता है तो कड़ी सजा मिलनी चाहिए, देश के सभी बोर्डों की कार्यकारिणी भंग कर ऐसा कानून बनाया जाना चाहिए कि खेल बोर्डों में अराजनीतिक और खेल बैकग्राउंड लोग ही चुने जाए। सबसे ज्यादा चिंताजनक बात है कि अगर देश का गर्व एवं गौरव बढ़ाने वाली महिला पहलवानों को अगर अपने सम्मान की रक्षा के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है, तो हमारे खेल संघों की कार्यप्रणाली भी कटघरे में आ जाती है। जहां देश के खिलाड़ियों के मन में अपने संघों-खेल संस्थाओं के लिये गर्व एवं सम्मान का भाव होना चाहिए, जबकि उनमें तिरस्कार एवं विद्रोह का भाव है तो यह लज्जा की बात है। साथ ही यह भी देखा जाना चाहिए कि समय-समय पर खेल जगत से ऐसे आरोप क्यों लगते रहते हैं। क्यों महिला खिलाड़ी यौन शोषण का शिकार होकर भी चुप रहती है कि कहीं उनका कैरियर खत्म न कर दिया जाये। भविष्य में ऐसा न हो और देश की बेटियां सुरक्षित महसूस करते हुए खेल में कैरियर बनाएं, यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न फेडरेशनों के अंदर कारगर तंत्र बनाने पर भी गंभीरता से विचार होना चाहिए। साथ ही दुनिया के कई देशों के नियमों का अध्ययन करने के बाद ओलंपिक के बाद ट्रायल का नियम बना है, उसका सम्मान होना चाहिए। किसी को ओलंपिक या ऐसी बड़ी प्रतियोगिता में जाना है तो उसे देश के अन्य खिलाड़ियों के साथ ट्रायल देना होगा। जो खिलाड़ी ओलंपिक का कोटा हासिल कर चुका है, उसका मुकाबला देश में ट्रायल जीतने वाले के साथ होगा। फिर वहां से ओलंपिक के लिए पहलवान का चयन होगा। अगर ओलंपिक कोटा हासिल करने वाला हार जाता है तो उसे फिर एक मौका दिया जाएगा। अगर पहलवान इस नियम के विरुद्ध होकर ये सब ड्रामा कर रहे है तो सच सभी के सामने आना चाहिए और खेल नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए चाहे वो कितना ही बड़ा खिलाड़ी हो।

# भक्ति तथा संकीर्तन के आद्याचार्य विष्णु भक्त देवर्षि नारद

**अशोक**

**पौराणिक** ग्रन्थों के अनुसार सत्य ज्ञान, वैदिक दर्शन और यज्ञों के ज्ञाता नारद मुनि जगत सृष्टा ब्रह्मा के मानसपुत्र अर्थात संयोजन से नहीं, वरन मस्तिष्क से उत्पन्न पुत्र हैं। ब्रह्मवैवर्तपुराण के अनुसार ब्रह्मा के सात मानस पुत्रों में से एक नारद ब्रह्मा के कंठ से उत्पन्न हुए थे। कतिपय पुराणों के अनुसार भगवान विष्णु के अवतार नारद का जन्म ब्रह्मा की गोद अथवा जंघा से हुआ था। मान्यतानुसार नारद का अवतरण इस धरा पर ज्येष्ठ महीने की कृष्ण पक्ष द्वितीया को हुआ था, इसलिए प्रतिवर्ष ज्येष्ठ कृष्ण द्वितीया को नारद जयंती मनाये जाने की पौराणिक परिपाटी है। ब्रह्मा ने जन्म के बाद नारद को सृष्टि कार्य करने का आदेश दिया था, लेकिन नारद ने ब्रह्मा का यहआदेश मानने से इन्कार कर दिया, और भगवद्भक्ति का मार्ग अपनाया। भगवान विष्णु के अनन्य भक्त नारद स्वयं वैष्णव हैं और वैष्णवों के परमाचार्य तथा मार्गदर्शक हैं।

नारद को देवताओं का शुभचिंतक और दयालु माना जाता है। देवताओं के ऋषि होने के कारण सम्मानपूर्वक उन्हें देवर्षि संज्ञा से संज्ञायित किया गया है। देवर्षि नारद को बहुत कठिन तपस्या के बाद ब्रह्मर्षि पद प्राप्त हुआ था। वेदों के ज्ञाता और वेदज्ञान का प्रचार- प्रसार कर्त्ता होने के कारण नारद को वेदों के सन्देशवाहक के रूप में जाना जाता है। नारायण, शिव और इंद्र के सलाहकार के रूप में भी प्रसिद्ध नारद मुनि को पौराणिक ग्रन्थों में रामायण के रचयिता महर्षि बाल्मीकि और महाभारत के रचयिता महर्षि वेद व्यास और महाज्ञानी शुकदेव आदि का गुरु भी बताया गया है। इन्होंने ही प्रह्लाद, ध्रुव, राजा अम्बरीष आदि महान भक्तों को भक्ति मार्ग में प्रवृत्त- प्रवृद्ध किया।भागवत धर्म के परम गूढ़ रहस्य को जानने वाले- ब्रह्मा, शंकर, सनत्कुमार, महर्षि कपिल, स्वयंभुव मनु आदि बारह आचार्यों में अन्यतम देवर्षि नारद द्वारा विरचित भक्तिसूत्र बहुत महत्त्वपूर्ण है। दक्ष प्रजापति के दस हजार पुत्रों को नारद ने संसार से निवृत्ति की शिक्षा दी थी। मैत्रायणी संहिता में नारद को आचार्य के रूप में सम्मानित किया गया है।

ऐतरेय ब्राह्मण के अनुसार हरिशचंद्र के पुरोहित सोमक, साहदेव्य के शिक्षक तथा आग्वष्टय एवं युधाश्रौष्ठि को अभिशप्त करने वाले भी नारद थे। साम विधान ब्राह्मण आदि ग्रन्थों में बृहस्पति के शिष्य के रूप में नारद का वर्णन प्राप्यहै। छान्दोग्यपनिषद में नारद का नाम सनत्कुमारों के साथ लिखा गया है। श्रीमद्भागवत और वायुपुराण के अनुसार देवर्षि नारद का नाम दिव्य ऋषि के रूप में भी वर्णित है। मान्यता के अनुसार वीणा का आविष्कार भी नारद ने ही किया था। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार मेरू के चारों ओर स्थित बीस पर्वतों में से एक का नाम नारद है। मत्स्य पुराण के अनुसार वास्तुकला विशारद अठारह आचार्यो में से एक का नाम भी नारद है। चार शक्ति देवियों में से एक शक्ति देवी का नाम नारदा है।वीणा बादक, हरिगुण गायक त्रिलोक में विचरण कर दुखी संसार को आनन्दित करने वाले देवर्षि नारद का उल्लेख वैदिक साहित्य, रामायण, महाभारत, पुराण, स्मृति आदिसभी ग्रन्थों में अंकित है। प्रसिद्ध भगवान सत्यनारायण की कथा में भी नारद का नाम आता है। ऋग्वेद अष्टम व नवममंडल के कई सूक्तों के द्रष्टा नारद हैं। अथर्ववेद, ऐतरेय ब्राह्मण, मैत्रायणी संहिता आदि में नारद का उल्लेख है। नारद ने ही वेदों का संपादन कर-के यह निश्चित किया था कि कौन-सा मन्त्र किस वेद में जाएगा कौन -कौन सेसूक्त किस वेद में अर्थात ऋग, यजुर, साम, अथर्व किसमें सम्मिलित किये जायेंगे इसका निर्धारण नारद ने ही किया। नारद के द्वारा रचित ग्रन्थों में नारद पांचरात्र, नारद के भक्तिसूत्र, नारद महापुराण, स्मृतिग्रन्थ बृहन्नारदीय उपपुराण-संहिता, नारद-परिव्राज कोपनिषद, नारदीय-शिक्षा के साथ ही अनेक स्तोत्र भी उपलब्ध होते हैं।



मत्स्यपुराण के अनुसार नारद के द्वारा 25,000 श्लोकों बृहत्कल्प-प्रसंग में कहे गए अनेक धर्म-आख्यायिकाओं से सम्बन्धित ग्रन्थ ही नारद महापुराण है परन्तु वर्तमान समय में उपलब्ध नारदपुराण 22,000 श्लोकों का ही है। नारदपुराण में लगभग 750 श्लोक ज्योतिषशास्त्र पर हैं। इनमें ज्योतिष के तीनों स्कन्ध-सिद्धांत, होरा और संहिता की सर्वांगीण विवेचना की गई है। नारद रचित नारदसंहिता नामक ग्रन्थ में भी ज्योतिषशास्त्र के सभी विषयों का विस्तृत वर्णन मिलता है। इससे यह सिद्ध हो जाता है कि देवर्षिनारद भक्ति के साथ-साथ ज्योतिष के भी प्रधान आचार्य हैं। वे भगवान के पार्षद होने के साथ देवताओं के प्रवक्ता भी हैं।पौराणिक ग्रन्थों के अनुसार प्रत्येक युग में भगवद भक्ति और उनकी महिमा का विस्तार करते हुए लोक-कल्याण हेतु सर्वदा सर्वत्र विचरण किया करने वाले नारद भक्ति तथा संकीर्तन के आद्याचार्य हैं। भगवन जप महती के नाम से विख्यात इनकी वीणा से नारायण-नारायण की ध्वनि निकलती रहती है। इनकी गति अव्याहत है। ये ब्रह्ममुहूर्त में सभी जीवों की गति देखते हैं, और अजर-अमर हैं। भगवद भक्ति की स्थापना तथा प्रचार के लिए ही इनका आविर्भाव ज्येष्ठ कृष्ण द्वितीया को हुआ है। देवर्षि नारद धर्म के प्रचार तथा लोक-कल्याण हेतु सदैव प्रयत्नशील रहते हैं। इसी कारण सभी युगों में, सब लोकों में, समस्त विद्याओं में, समाज के सभी वर्गो में नारद ऋषि का सदा से प्रवेश रहा है। मात्र देवताओं ने ही नहीं, वरन दानवों ने भी उन्हें सदैव आदर दिया है। समय-समय पर सभी ने उनसे परामर्श लिया है। महाभारत में नारद को वेद व उपनिषदों और इतिहास- पुराणों के ज्ञाता के रूप में चित्रित किया गया है। उन्हें वेदांग के छह अंग -उच्चारण, व्याकरण, भोग, पद, धार्मिक संस्कार और खगोल में महारत प्राप्त है। सभी खगोलीय प्राणी उनके ज्ञान के लिए उनकी पूजा करते हैं। वे प्राचीन कल्पों अर्थात समय चक्रों में होने वाली सभी घटनाओं, न्याय (तर्क) और नैतिक विज्ञान, नैतिकता, राजनीति विज्ञान, दर्शन सांख्य और योग प्रणालियों के ज्ञाता, वाक्पटु, संकल्पवान, बुद्धिमान और शक्तिशाली स्मृति के स्वामी है। योग बल से संसार की सबही घटनाओं को जानने में समर्थ, साक्ष्यों से निष्कर्ष निकालने में कुशल नारद धर्म, धन, सुख और मोक्ष के बारे में भी निश्चित निष्कर्ष पर पहुंचने में सक्षम हैं। पौराणिक ग्रन्थों में नारद को दूर देशों और लोकों की यात्रा करते हुए सदैव ही महाथली नामक संगीत वाद्य यंत्र खरताल और तानपुरा लेकर एक स्थान से दूसरे स्थान में भ्रमण करने वाले संगीतकार और कथाकार के रूप में चित्रित किया गया है। उन्हें प्राचीन संगीत वाद्ययंत्र के महान आचार्यों में से एक माना गया है। अपने वाद्य यंत्रों का प्रयोग वे अपने भजन, प्रार्थना और मन्त्रों के गायन के साथ करते हैं। एक शुद्ध, उन्नत आत्मा के रूप में नारद अपने भक्ति गीतों के माध्यम से भगवान विष्णु की महिमा गान में हरि और नारायण नाम गाते भक्ति योग का प्रदर्शन करते नजर आते हैं। वे लोगों को समाचार और ज्ञान भी प्रदान करते हैं। सूचना और संवाद के क्षेत्र में सर्वप्रथम नाम अपनी वीणा की मधुर तान पर निरंतर भगवद्गुणों का गान करते हुए विचरण कर सब स्थानों की पल- पल की खबर रखने वाले नारद मुनि का ही आता है। पौराणिक विवरणियों के अनुसार नारद त्रेतायुग में रावण को चेतावनी देते हुए नजर आते हैं, तो द्वापर युग में महाभारत में युधिष्ठिर को प्रह्लाद की कहानी सुनाते हुए। महाभारत में नारद द्वारा वर्णित विभिन्न राजाओं की कथाएं अंकित हैं। देवकी के आठवें पुत्र के द्वारा अपनी मृत्यु के बारे में आकाशवाणी को सुनने के बाद मथुरा केराजा उग्रसेन के पुत्र कंस ने अपनी बहन देवकी और उसके पति को जेल में डाल दिया। नारद ने देवकी के सभी संतानों को मारने के लिए कंस को उकसाया। नारद की मंशा यह थी कि कंस को और अधिक पाप करने दिया जाए, ताकि उसके पापों का फल उसे जल्द ही मिले। पौराणिक कथा के अनुसार जब भगवान ने पृथ्वी पर होने वाली घटनाओं को सत्य दिशा देने के लिए पृथ्वी पर आने का निश्चय किया, तब उनके साथ कुछ देवता भी किसी न किसी के रूप में धरती पर आये, ताकि वे पृथ्वी पर हो रही घटनाओं को सही दिशा में उन्मुख करने में भगवान की सहायता कर सकें तथा इन दृश्यों का आनंद ले सकें। नारद मुनि भी उन्हीं में से एक हैं, जिन्हें ऋषिराज भी कहा जाता है। ऋषिराज अर्थात सभी ऋषियों अथवा संतों का राजा। उन्हें भूत, वर्तमान और भविष्य के ज्ञान का वरदान भी प्राप्त था। उनका यह ज्ञान एक बार भगवान के द्वारा बनायी गयी संरचनाओं में बाधा बन गया। इसलिए उन्हें शाप दिया गया कि यद्यपि वह सच्चाई बताएंगे और लोगों को चेतावनी देंगे, फिर भी लोग कभी उस पर विश्वास नहीं करेंगे। एक कथा के अनुसार वे पूर्व में एक गंधर्व थे। और उन्हें स्वर्गलोक, मृत्युलोक, और पाताललोक तीनों लोकों में कहीं भी घूमने का वरदान मिला था। वह नाट्य योग का अभ्यास करने वाले पहले व्यक्ति थे, जिन्हें कलहप्रिय के रूप में भी जाना जाता है, क्योंकि वे देवताओं, देवी-देवताओं और लोगों के बीच झगड़े का कारण बनते हैं। एक अन्य कथा के अनुसार एक बार नारद को कामदेव अर्थात इच्छाओं पर विजय प्राप्ति कर लेने का अहंकार हो गया था। अपने अहंकारी हो चुके प्रिय भक्त नारद के अहंकार को तोड़ने के लिए भगवान विष्णु ने एक नगर बनाया, जिसमें एक सुंदर राजकुमारी का एक स्वयंवर का आयोजन किया गया। राजकुमारी की सुंदरता और गुण के बारे में सुनकर नारद मुनि उससे शादी करने के लिए उत्सुक हो गये।

# नये प्रावधान से बढ़ेगी लघु व सूक्ष्म उद्यम की तरलता

**पंकज गांधी**

**भारत** के आर्थिक परिदृश्य में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम हमेशा से प्रासंगिक रहें हैं इसीलिए इन्हे भारतीय अर्थव्यवस्था का मेरुदंड कहा जाता है. यह देश के उत्पादन और सेवाओं के वितरण के लिए देश की रक्त धमनियों के समान हैं. अर्थ का प्रवाह सम समान रूप से होता रहे, आय वितरण का न्यायिक चरित्र बना रहे, इसके लिए सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम का विकास एवं इनका ख्याल रखना आवश्यक है. कुछ साल पहले जब सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम की परिभाषा का दायरा बढ़ाकर 250 करोड़ की टर्नओवर वाली कंपनियों को भी जब इसके दायरे में लाया गया था, तब पूर्व में परिभाषित एमएसएमई उद्यमियों के मन में आशंका आ गई थी. उनकी चिंता थी कि क्या 250 करोड़ की टर्नओवर वाली कंपनियों को भी एमएसएमई मानना जायज है इस टर्नओवर की कंपनियां कमोबेश छोटी तो नहीं कही जा सकती. उन्हें यह भी आशंका थी कि कहीं एमएसएमई के इस घराने में परिभाषा के जरिये मध्यम नाम की बड़ी मछली का प्रवेश इस अधिनियम के पूरे विजन को ना खा ले. कहीं सरकारी नियम के अनुपालन की बाध्यता में निजी और सरकारी व्यवस्था इन बड़े मध्यम के द्वारा ही सिर्फ बिजनेस ना करने लगे. चूंकि इतने बड़े टर्नओवर वालों के पास तो कानून अनुपालन के लिए एक टीम भी होती है अतः उनके साथ सरकार और बड़े घराने बिजनेस करने में ज्यादा सहज होंगे. एमएसएमई के पोषण के लिए 25 फीसदी सरकारी खरीद की बाध्यता एमएसएमई से जो सरकार ने बनाई थी उसका दुरूपयोग हो सकता था, लोग मध्यम वालों के साथ बिजनेस कर 25 फीसदी का कोटा पूरा कर लेते और लघु एवं सूक्ष्म मध्यम पीछे छूट जाते. इससे सबसे ज्यादा चिंतित स्माल और माइक्रो उद्यम थे. स्माल इंडस्ट्रीज मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन जिसे सीमा भी कहते हैं, उसके मुख्य आर्थिक सलाहकार के तौर पर मैंने तत्कालीन केंद्रीय राज्य मंत्री एमएसएमई प्रताप सारंगी से वर्ष 2020 में आमने सामने वर्चुअल बातचीत के दौरान इस चिंता को रेखांकित किया था और एमएसएमई अधिनियम के तहत माइक्रो के लिए विशेष व्यवस्था बनाने और एक अलग सेल का प्रस्ताव रखा था ताकि स्माल और माइक्रो उद्यम को इन बड़े मध्यमों के बोझ से बचाया जा सके. साथ ही एमएसएमई के सामने आ रही नगदी समस्या की तरफ भी ध्यान आकर्षित कराया था क्यों की इस सेगमेंट की सबसे बड़ी समस्या पूँजी की समस्या और बकाया वसूली ही है. उस समय उन्होंने सीमा संस्था की तरफ से दिए गए हमारे इस प्रस्ताव पर सहमति भी जताई थी. वर्ष 2020 में तत्कालीन केंद्रीय राज्य मंत्री एमएसएमई प्रताप सारंगी को दिए गए उस प्रस्ताव की गूँज हमें वर्ष 2023 के वित्तीय बजट में दिखाई दी जब भारत सरकार ने सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम के लघु और सूक्ष्म को मध्यम से अलग रखते हुए सिर्फ इन्ही के लिए प्रस्ताव लाया। यह बताता है की सरकार ने सूक्ष्म और लघु उद्यम की इस चिंता को जो कि बड़े मध्यम के सामने आने से इनके छोटे पड़ने की आ रही थी उसको साधा। इस बार के बजट में सूक्ष्म एवं लघु उद्यम को सिर्फ अलग से रेखांकित ही नहीं किया गया सूक्ष्म एवं लघु उद्यम को की जो सबसे बड़ी समस्या थी नगदी तरलता की उसका भी समाधान आयकर की धारा 43 बी में एक उपधारा और एक शर्त जोड़कर किया गया. अब आयकर की संशोधित धारा 43बी के तहत किसी भी बिजनेस करदाता को सूक्ष्म एवं लघु उद्यम से खरीदे गए खर्चों पर खर्चा घटाने की छूट तभी मिलेगी जब वह वास्तव में उन्हें भुगतान करते हैं. अब बैलेंस शीट में यदि क्रेता व्यापारी ने सूक्ष्म एवं लघु उद्यम को बकाया दिखाया तो आयकर गणना में सीधे सीधे यह बकाया राशि करयोग्य आय की गणना में जोड़ दी जायेगी। इसका सीधा मतलब हुआ कानूनन इस बकाये पर भी टैक्स उस क्रेता व्यापारी को देना पड़ेगा जिसने सूक्ष्म एवं लघु उद्यम का बकाया रखा है. उस क्रेता व्यापारी को उस साल में ही छूट मिलेगी जिस साल में वाकई में वह इस बकाया का भुगतान करेगा। पहले बहुत से बिजनेस वाले जो लोग सूक्ष्म एवं लघु उद्यम का बिल ही बुक नहीं कर, उसे होल्ड रख, अंत समय में बुक कर, या भुगतान के समय कोई इशू उठा कर कानून अनुपालन से बच जाने की जुगत लगाते थे उसके लिए भी कानून में संसोधन किया गया है. अब वह दिन गये.

**अगर क्रेता व्यापारी का कोई अनुबंध या परचेज आर्डर सप्लायर के साथ है तो अधिकतम 45 दिन के अंदर उसे उस सूक्ष्म एवं लघु उद्यम को भुगतान करना है और अगर ऐसा कोई भी अनुबंध नहीं है तो कानूनन 15 दिन के अंदर ही भुगतान करना है. यदि यह तिथि पार होती है विलम्बित भुगतान में करता को उस पर ब्याज देना है और यदि वह भुगतान करने वाली कंम्पनी है तो इसके गणना और इसके डिस्क्लोजर के लिए ऑडिटर को भी जिम्मेदार बनाया गया है. यह भी ध्यान दिया गया है की भले ही अनुबंध हो जाए लेकिन क्रेडिट पीरियड कानून की नजर में 45 दिन से अधिक का नहीं हो सकता है. इस 15 दिन या 45 दिन की गणना के भ्रम को भी सरकार ने दूर किया है**

अगर क्रेता व्यापारी का कोई अनुबंध या परचेज आर्डर सप्लायर के साथ है तो अधिकतम 45 दिन के अंदर उसे उस सूक्ष्म एवं लघु उद्यम को भुगतान करना है और अगर ऐसा कोई भी अनुबंध नहीं है तो कानूनन 15 दिन के अंदर ही भुगतान करना है. यदि यह तिथि पार होती है विलम्बित भुगतान में करता को उस पर ब्याज देना है और यदि वह भुगतान करने वाली कंम्पनी है तो इसके गणना और इसके डिस्क्लोजर के लिए ऑडिटर को भी जिम्मेदार बनाया गया है. यह भी ध्यान दिया गया है की भले ही अनुबंध हो जाए लेकिन क्रेडिट पीरियड कानून की नजर में 45 दिन से अधिक का नहीं हो सकता है. इस 15 दिन या 45 दिन की गणना के भ्रम को भी सरकार ने दूर किया है ताकि भुगतान के समय कोई विवाद बता कर पेमेंट रोक कर पेमेंट विलम्ब करने का बहाना ना बना ले. इसके लिए सरकार ने बोला है कि यदि माल या सेवा को लेकर अगर कोई शिकायत है तो वह उसकी प्राप्ति के 15 दिन के अंदर ही उठाना होगा और वह शिकायत रिकॉर्ड में होना चाहिए. यदि ऐसा नहीं हुआ तो 15 या 45 दिन की गणना माल या सेवा की प्राप्ति दिन से होगी और यदि शिकायत नियत अवधि में लिखित में कर दिया गया है तो उस दिन से 15 या 45 दिन की गणना शुरू होगी जिस दिन इस शिकायत का निवारण हुआ है. कुल मिला कर कह सकते हैं कि आयकर का यह प्रावधान लघु एवं सूक्ष्म उद्यम के जीवन को बेहतर बनायेगा और उनकी तरलता की समस्या को दूर करेगा। अब लघु एवं सूक्ष्म उद्यम को करना यह है कि जल्द से जल्द उन्हें उद्यम आधार ले लेना है और प्रत्येक बिल पर उस उद्यम आधार का उल्लेख करना है साथ ही वह लघु या सूक्ष्म हैं, इसका भी उल्लेख कर देना है. बिल में दिए जाने वाले अन्य विवरणों के साथ यह बदलाव उनके बिजनेस के कॅश फ्लो को दुरुस्त कर सकता है. एक बार बिल के विवरण में आपने इसका उल्लेख कर दिया तो कोई यह कह कर नहीं बच सकता कि हमें तो मालूम ही नहीं पड़ा कि आप लघु एवं सूक्ष्म उद्यम हो. (युवराज)

# 100 महीने की हुई मन की बात

**डॉ. वेदप्रकाश**

**मन की** बात 100 महीने की हो गई है। इस शतक का सुख और गौरवानुभूति अनूठी है। 03 अक्टूबर 2014 से शुरू हुई मन की बात के 100 महीने की वैचारिक यात्रा निर्माण की कहानी है। मन की बात के 100 वें प्रसारण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- मेरे लिए मन की बात दूसरों के गुणों की पूजा करने जैसा ही रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर उन्होंने अपने अनुभवों की चर्चा करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे अनेक मौन साधकों की चर्चा की। उन्होंने कहा- मन की बात ने मुझे सामान्य मानवी से जुड़ने का रास्ता दिया।...मन की बात मेरे लिए एक कार्यक्रम नहीं है। एक आस्था, पूजा, व्रत है। आज मन की बात न केवल भारत अपितु विश्व इतिहास में संवाद का ऐसा अनूठा कार्यक्रम बन चुकी है जो अपनी सकारात्मकता और निरंतरता से सभी को जोड़ रही है। हाल ही में उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने कहा कि- मोदी के मन की बात देश के हर इंसान के दिल की बात है... मन की बात का जुड़ाव हम लोगों के दिल से हो गया है, इसने लोगों का जीवन बदल दिया है। उपराष्ट्रपति जी द्वारा कही गई यह बात बहुत महत्वपूर्ण है। 03 अक्टूबर 2014 से शुरू हुई मन की बात के विभिन्न प्रसारणों का विश्लेषण करने पर हम यह पाते हैं कि यह एक ऐसी वैचारिक परिकल्पना है जिसने व्यक्ति और समाज के मानस को बदला है। मेरे प्यारे देशवासियों! प्यारे भाइयों-बहनों! जैसे संबोधनों ने उसमें आत्मीयता का संचार कर उसे जन जन के साथ जोड़ा है। एक सामान्य व्यक्ति को भी यह महसूस हो रहा है कि वह भी बदलाव का वाहक है।

आजादी के बाद लम्बे समय से सामाजिक समरसता अथवा सामूहिकता का ऐसा कोई बड़ा प्रयास दिखाई नहीं देता, जिसमें निरंतरता हो और प्रति माह जनांदोलन बनता चला गया हो। मन की बात ने वास्तव में विविधता में एकता के विचार को साकार करने का काम किया है,जिसमें गांव-शहर,अमीर- गरीब, किसान-मजदूर, बच्चे-महिलाएं,शिक्षित- अशिक्षित,कौशल के जरिए आजीविका चलाने वाले और बड़े उद्योगपति सभी को जोड़ने का प्रयास हुआ है। मन की बात ने रेडियो,मोबाइल, टेलीविजन एवं पत्र आदि विभिन्न माध्यमों से देश के अति दूरस्थ क्षेत्रों, पूरब-पश्चिम, उत्तर- दक्षिण सभी में जुड़ाव का भाव अथवा इच्छा पैदा की है। मन की बात में सुदूर लेह- लद्दाख में किसी सामान्य व्यक्ति के प्रयास की चर्चा हुई है तो समुद्र तटीय केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के व्यक्ति को भी नाम और पहचान मिली है। कच्छ गुजरात में हो रहे सामाजिक बदलावों की चर्चा हुई है तो सुदूर पूर्वोत्तर के सामान्य व्यक्ति का योगदान भी केंद्र में आया है। स्वच्छ भारत मिशन ऐसा बड़ा प्रमाण है जिसमें मीडिया, सरकारी-गैर सरकारी संस्थान, खिलाड़ी, उद्योगपति, अभिनेता एवं आध्यात्मिक गुरुओं के साथ-साथ जनसामान्य आदि सभी जुड़े। परिणामतः संसद, सड़क , बस अड्डे, रेलवे स्टेशन, स्कूल,कॉलेज, धार्मिक स्थल, अस्पताल, गांव-शहर, गली- गली सभी स्थानों पर स्वच्छता मिशन जनांदोलन बन गया। 03 अक्टूबर 2014 को मन की बात के पहले ही प्रसारण में प्रधानमंत्री ने कहा था- मेरे देश की ताकत गरीब की झोपड़ी में है, मेरे देश की ताकत गांव में है, मेरे देश की ताकत माताओं- बहनों, नौजवानों में है। मेरे देश की ताकत किसानों में है, मुझे आपकी शक्ति में भरोसा है...। ध्यातव्य है कि मन की बात के जरिए प्रधानमंत्री ने निरंतर पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के सामर्थ्य को जगाने का प्रयास किया है। जून 2015 के सेल्फी विद डॉटर,दिव्यांग शब्द की व्यापकता, दिसंबर 2015 के प्रसारण में स्टैंड अप इंडिया,स्टार्टअप इंडिया। अक्टूबर 2016 के प्रसारण में भारत की विविधता और एकता, जुलाई 2017 के प्रसारण में जी.एस.टी - वन नेशन-वन टैक्स। वर्ष 2020 के प्रसारण में कोरोना महामारी की व्यापक चर्चा, जनवरी 2021 में पद्म पुरस्कारों के लिए चुने गए साधारण लोगों की चर्चा, जनवरी 2023 के प्रसारण में मोटे अनाज की चर्चा इसी प्रकार परीक्षा विश्लेषण, अतुल्य भारत,प्रकृति-पर्यावरण, स्वच्छता, शौचालय, पर्यावरण संरक्षण,खेलो खिलो, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, जल संरक्षण, वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत, ताली थाली, जनता कर्फ्यू, हर घर तिरंगा आदि सैकड़ों ऐसे आवाह्न अथवा प्रयास हैं जो मन की बात के जरिए सामाजिक क्रांति बनते चले गए।

# कर्नाटक 40 परसेन्ट वाली भाजपा बजरंग बली की शरण में

**वर्षा भम्भाणी मिर्जा**

**भाजपा** कर्नाटक को भी गुजरात मॉडल में बदलना चाहती थी। उन सभी पुराने नेताओं को बदल देने का मॉडल, जिनके खिलाफ असंतोष हो। गुजरात में ऐसे कई नेताओं को घर बैठाकर नए चेहरों को टिकट दिये गये। विपक्ष तो पहले ही भाजपा ने वहां खत्म कर दिया था, वे कहां जाते! वहां यह फामूर्ला चल गया लेकिन कर्नाटक में नहीं। कई बड़े नेता पार्टी छोड़ कांग्रेस में चले गए। कर्नाटक का चुनाव प्रचार शबाब पर है और शबाब पर हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैलियां, गालियां और मन की बातें। अगर आप आईपीएल क्रिकेट में खिलाडियों की बल्लेबाजी का हिसाब रख रहे हैं, तो राजनीति के मैदान पर भी एक मंजे हुए खिलाड़ी हैं जिनके शतक का हिसाब-किताब रखा जा रहा है। उनकी 'मन की बातों' का शतक लग चुका है और उन्हें मिलने वाली गालियों का भी पूरा होने वाला है। अब तक वे 91 गालियां खा चुके हैं। यानी शतक से नौ दूर। कर्नाटक चुनाव का घमासान सामने है और हिसाब-किताब रखने वालों को पूरी उम्मीद है कि शतक जड़ दिया जाएगा। कर्नाटक चुनाव के अधिकांश सर्वेक्षण जो कि जरूरत से ज्यादा ही आ रहे हैं, सभी या तो कांग्रेस का बहुमत बता रहे हैं या फिर कांटे की टक्कर। कर्नाटक बड़ा राज्य है जिसकी 224 सीटों पर एक साथ 10 मई को मतदान होना है और नतीजे 13 मई को आएंगे। अकेला राज्य है जहां इस समय चुनाव हो रहे हैं। पूरे देश का फोकस उस पर है लेकिन बीच-बीच में उसका पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र बिना चुनाव के ही बाजी मार लेता है। हार-जीत से अलग इस चुनाव को लोकतान्त्रिक प्रक्रिया और सियासी दलों की खिसियाहट के हवाले से भी देखा जाए तो बहुत कुछ समझा जा सकता है। भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान और हटाए गए दोनों मुख्यमंत्रियो ने अपने साक्षात्कारों में नफरत और विभाजनकारी नीतियों को खारिज किया है। दोनों को ये मुद्दे गैरजरूरी लगते हैं, तो भी देखा गया कि प्रचार के चरम पर आते-आते सियासत फिर धर्म का टेका लेने पहुंच जाती है। प्रधानमंत्री बोल गए कि पोलिंग बूथ में बटन दबाओ तो 'जय बजरंग बली' बोलकर कांग्रेस को सजा दे देना। आखिर यह मौका प्लेट में सजाकर उन्हें दिया किसने; और इससे भी बड़ा सवाल यह कि पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व क्या एकमात्र धर्म की नाव पर सवार होकर ही अपनी कश्ती को पार करना चाहता है जबकि स्थानीय नेतृत्व ऐसा नहीं चाहता

# सीएम के दौरे को लेकर प्रशासन मुस्तैद

## डीएम-एसपी ने देखी व्यवस्थायें


**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नौ मई को संभावित भ्रमण के मद्देनजर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बस स्टैंड बेड़ी पुलिया में बने हेलीपैड एवं जनसभा स्थल राष्ट्रीय रामायण मेला सीतापुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि हेलीपैड के आसपास पानी का छिड़काव करें। साफ-सफाई की व्यवस्था चैकस करें।
शनिवार को डीएम-एसपी ने बस स्टॉप में बने सेफ हाउस का निरीक्षण कर उपजिलाधिकारी कर्वी को निर्देश दिए कि इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में जनसभा स्थल को देखकर पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर से कहा कि सुरक्षा के मद्देनजर डबल बैरिकेडिंग की व्यवस्था करायें। रैन बसेरा के मार्ग को आम जनता के लिए खोलें। गाड़ियों की पार्किंग को पोद्दार इंटर कॉलेज सीतापुर में बनायें। वीआईपी पार्क को रैन बसेरा में बनाया जाए। उन्होंने प्रेस दीर्घा व महिलाओं के लिए अलग से बैरिकेडिंग कराकर बैठने की व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। अधिशासी अधिकारी कर्वी से



कहा कि पानी के टैंकर की व्यवस्था व मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था कर लें। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि विद्युत की व्यवस्था के साथ जनरेटर की व्यवस्था भी कर लें। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि जो निर्माण कार्य परिसर में चल रहा है, उसकी सामग्री तत्काल हटाकर बैरिकेडिंग करायें।
निरीक्षण दौरान एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम सदर राजबहादुर, सीओ सिटी हर्ष पांडेय, अधिशासी अभियंता लोनिवि प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, अधिशासी अभियंता विद्युत आरएस वर्मा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लालजी यादव समेत भाजपा प्रदेश मंत्री/जिला प्रभारी देवेश, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, महामंत्री अश्वनी अवस्थी समेत अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

## भागवत से सभी जीवों का होता कल्याण

**अखंड भारत संदेश**
**मऊ/चित्रकूट।** विराट श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं भागवत महापुराण की अमृत वर्षा मऊ के पवित्र स्थान चैरा पर के हनुमान मंदिर टिकरा टोला में हो रही है। शनिवार को यज्ञ अधिष्ठाता बाल संत बाबा बालक दास जी महाराज के पावन सानिध्य में नगर वासियों ने कथा यज्ञ में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। मुख्य यजमान आलोक कुमार गर्ग समेत सहयोगी यज्ञ में शामिल हैं। भागवत कथा से आचार्य तरंग जी ने बताया कि भगवान के सुंदर स्वरूप ही भागवत का स्वरूप है। अतः इस पावन कार्य को करने से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। यज्ञ से मानव मात्र का ही नहीं, बल्कि सभी जीवों का कल्याण होता है। यज्ञ के अधिष्ठाता बाल संत श्री बाबा बालक दास जी महाराज का यह चैरासी यज्ञ है। उन्होंने सभी लोगों से यज्ञ दर्शन कर अपने जीवन को सफल बनाने की अपील की है।



## शत-प्रतिशत मतदान को एसडीएम मऊ ने दिया जोर




**अखंड भारत संदेश**
**मऊ/चित्रकूट।** प्राथमिक विद्यालय अनुसूचित जाति बस्ती मऊ में एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ल, क्षेत्राधिकारी राजकमल, स्वीप कोऑर्डिनेटर डॉ एस कुरील, तहसीलदार मऊ राजेश कुमार यादव व प्रभारी निरीक्षक की मौजूदगी में मतदाता जागरूकता में पूरी बस्ती में विशाल रैली निकाली गई।
ज्ञात है कि 11 मई को नव सृजित मऊ नगर पंचायत में मतदान होना है। मऊ नगर पंचायत में 20 बूथ व 14 वार्ड हैं। कुल मतदाता 15156 हैं। निर्वाचन आयोग का मानना है कि लोकतंत्र के इस पर्व में सभी लोग शत-प्रतिशत मतदान करें। कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रह जाए। यह हुंकार भरने को प्रशासन ने कदम उठाया है, ताकि मतदाता स्वतंत्र व निष्पक्ष होकर मतदान कर सकें।
जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी की प्रेरणा से उप जिलाधिकारी मऊ की अगुवाई में टीम लगातार मतदाता जागरूकता, गोष्ठी, रैली कर रही है। मतदाताओं को लगातार जागरूक करने के कार्य जारी हैं। उपजिला अधिकारी मऊ ने सभी बीएलओ के साथ बैठक कर हर हाल में शत-प्रतिशत मतदान पर जोर दिया।

## आप जीती तो हाउस टैक्स हाफ, वाटर टैक्स माफ : संजय सिंह

**सुलतानपुर। उ प्र** में चेयरमैन उम्मीदवारों के चयन के रूप में तीसरा इंजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मांगे जाने के प्रकरण पर राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने चुटकीले कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि चेयरमैन के लिए तीसरा, प्रधान के लिए चौथा ,प्रमुख के लिए पांचवा और जिला पंचायत के लिए अभी छठा इंजन मांगा जाएगा।ईडी की गलत नोटिस का मजाक उड़ाते हुए राज्यसभा सांसद ने कहा कि कहीं भूल से नरेंद्र मोदी को नोटिस न भेज दो नहीं तो प्रधानमंत्री आवास गिरफ्तारी करने जाना पड़ेगा।
आम आदमी पार्टी को नगर निकाय चुनाव में बेहतर जीत दिलाने और उम्मीदवारों को विजयी बनाने की मंशा से राज्यसभा सांसद एवं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता इन दिनों सुलतानपुर में हैं।संजय सिंह ने कहा कि 16 साल तक हमने आम लोगों की लडाई लड़ी है। संसद में भारत के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के आंख में आंख डाल कर कह रहा हूं कि मोदी अडानी भाई-भाई, देश बेच कर खाएं मलाई। केंद्र और यूपी में सरकार के बाद अब बीजेपी नेता निकाय चुनाव में तीसरा इंजन मांग रहे हैं। अब तो आम आदमी का इंजन दिए जाने की जरूरत है।
यदि मैंने आपके लिए लड़ाई लड़ी है तो उसका वास्ता देकर संदीप शुक्ला के लिए वोट मांग रहा हूं। हमारे प्रत्याशी की जीत पर हाउस टैक्स और वाटर टैक्स की बकाया पर्ची फाड़ कर फेंक देना।मैंने संकल्प लिया है जीवन में कि मरते दम तक गंगा जमुनी तहजीब और भाईचारे के लिए काम करूंगा। ईडी ने मुझे भी नोटिस भेज दिया था। मैंने मानहानि का दावा ठोक दिया तो आपके इस बेटे से आकर ईडी वालों ने कहा मुझसे गलती हो गई नाम भरने में। लिखना था राहुल लिख दिया संजय सिंह। हमने कहा बेईमानों अगर नरेंद्र मोदी भूल से लिख दिया तो गिरफ्तारी करने प्रधानमंत्री आवास जाना पड़ेगा। हिंदू मुसलमान करते हुए बुनियादी मुद्दों से ध्यान हटाया जा रहा है।
यूपी में 26 हजार सरकारी स्कूल बंद हो गए इसकी कोई चर्चा नहीं करता। केंद्र सरकार के मंत्री का बेटा 5 किसानों को कुचल कर मार देता है इसकी चर्चा नहीं होती। खुशी दुबे को जेल में रखा जाता है उत्तर प्रदेश आज अपराध के प्रदेश में बदल गया है। कभी उन्नाव कांड कभी अतीक कांड, अपराध में अपराध पर अपराध हो रहा है।अब राजनीति पर आम आदमी पार्टी की झाड़ू चलाने का समय आ गया है।

## दस मई से शुरू करायें खोह अस्पतालः डीएम

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने एमसीएच विंग खोह को क्रियाशील करने बाबत कैंप कार्यालय में हुई बैठक में जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से प्रसव कार्य शुरू करने के निर्देश दिये। आवश्यक उपकरण/जांच/औषधियों की उपलब्धता पर चर्चा करते हुए रणनीति को अंतिम रूप दिया।
शनिवार को जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएमओ से कहा कि दस मई तक एमसीएच विंग को



क्रियाशील हो जाना चाहिए। पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउंड आदि उपकरणों के बारे में चर्चा की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि जो उपकरण नहीं है उसकी मांग शासन से करें। रामनगर व मानिकपुर के लाभार्थियों को नॉर्मल डिलीवरी कराने को प्रेरित करने के कार्य शुरू किये जाए। जटिल केसों को यहां शिफ्ट करायें। एमसीएच विंग चिकित्सालय की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ ऊषा सिंह ने कहा कि महिला स्वीपर की जरूरत होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस अस्पताल में स्वीपर महिलायें ज्यादा हैं, उनका यहां तबादला किया जाये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि जब चालू हो जाए तो यहां कैंटीन की भी व्यवस्था करायें। क्षेत्र की आशा व एएनम की बैठक करायें। इस मौके पर सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ सुधीर कुमार शर्मा व ओपी भास्कर समेत संबंधित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## चुरेह केसरुआ में जिला पंचायत के तालाब में घोर धांधली

# जिला पंचायत सदस्य खुद करा रहे कार्य

## सरकारी धन को ठिकाने लगाने की तैयारी

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** भू-जल स्तर बढ़ाने को सरकार ने योजना चलाई है। नए तालाबों का निर्माण कर पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। अटल भू-जल योजना व मिशन अमृत सरोवर योजना के तहत पंचायती राज विभाग ने ग्राम पंचायत से लेकर जिला पंचायत स्तर तक तालाबों का सुंदरीकरण व खुदाई का कार्य करवा रहा है। तालाबों की खुदाई व सुंदरीकरण के नाम पर सरकारी धन का जमकर बंदरबाट हो रहा है।
शनिवार को ऐसा ही मामला मानिकपुर ब्लाक के चुरेह केसरुआ गांव में देखने को मिला। जिला पंचायत से चुरेह केसरुआ के मजरा हाता कोलान के पास जिला पंचायत से खोदे जा रहे तालाब में जमकर धांधली की जा रही है। जिला पंचायत ने खुदाई व सुंदरीकरण के नाम पर एक करोड़ 22 लाख रूपए की लागत से मिट्टी का कार्य लगभग 70 लाख रूपए का होना है, लेकिन ठेकेदार व अवर अभियंता की मिलीभगत से 45 लाख रूपए मिट्टी के कार्य का भुगतान कर लिया गया है। जबकि इस तालाब में मिट्टी खोदाई का कार्य आधा भी नहीं हुआ है। इस तालाब में आउटलेट, इनलेट व घाट निर्माण समेत सुंदरीकरण के नाम पर इंटरलॉकिंग खड़ंजा निर्माण का कार्य होना है।
बताते हैं कि इस तालाब के प्रस्तावक जिला पंचायत सदस्य शिवऔतार त्रिपाठी हैं, जो जिला पंचायत में निर्माण कार्य समिति अध्यक्ष हैं। प्रस्तावक अपने चहेते ठेकेदार के नाम पर टेंडर कराकर खुद कार्य करवा रहे हैं। अवर अभियंता राकेश सिंह ने मनमानी ढंग से एमबी कर आधे-अधूरे मिट्टी कार्य का भुगतान कर दिया है।
मजे की बात ये है कि जिला पंचायत में निर्माण कार्य समिति अध्यक्ष पद पर विराजमान प्रस्तावक/जिला पंचायत सदस्य शिवऔतार त्रिपाठी ने शासन के निदेर्शों को दर किनार कर मानकविहीन कार्य कराकर सरकारी धन का बंदरबाट कर रहे हैं। ऐसे में अन्य लोगों के कराये कार्य अमृत सरोवर के सुंदरीकरण व खोदाई कार्य में कितनी धांधली होती होगी, ये एक बडा सवाल है।
जिला प्रशासन इस मामले को संज्ञान में लेकर चुरेह केसरुआ गांव में जिला पंचायत के तालाब खुदाई के कार्य की जांच कराकर बडी कार्यवाही कर उदाहरण पेश कर सकता हैं।

## पत्नी हंता को 24 घंटे के अन्दर पुलिस ने दबोचा

### हत्यारोपी की निशानदेही पर कुल्हाडी बरामद

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने को अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही के क्रम में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ राजकमल की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजीव कुमार सिंह की टीम ने पत्नी की हत्या के आरोपी को आलाकत्ल कुल्हाड़ी समेत गिरफ्तार किया है।
ज्ञात है कि पांच मई को तडके चार बजे लालचंद केवट पुत्र स्व



रामभवन निवासी सेसासुबकरा थाना मऊ ने अपनी पत्नी श्यामपति (40) की कुल्हाड़ी मारकर हत्याकर दी थी। इस बाबत मृतका के पिता डफाई निषाद पुत्र स्व दशरथ निवासी रगौली थाना राजापुर ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होते ही 24 घंटे के अन्दर लालचंद केवट पुत्र स्व रामभवन को गिरफ्तार कर लिया है।
प्रभारी निरीक्षक मऊ की टीम ने बताया कि हत्यारोपी को आलाकत्ल कुल्हाड़ी समेत गिरफ्तार किया है। हत्यारोपी का पत्नी से गृह क्लेश रहता था। वह पत्नी के चरित्र पर शक करता था। टीम में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह, सिपाही नागेश कुमार, इंदल कुमार शामिल रहे।

## 90 क्वार्टर शराब समेत छह वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर नगर निकाय चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने को अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह की टीम ने प्रमोद कुमार पुत्र मुन्ना निवासी बांदा कर्वी रोड अमरज्योति कस्बा के कब्जे से 54 क्वार्टर देशी शराब व प्रकाश पुत्र भारत निवासी उपरोक्त को 36 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इनके



खिलाफ थाना में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह, सिपाही मोहम्मद इरफान शामिल रहे।
इसी क्रम में चैकी प्रभारी जिला कारागार मुन्नीलाल की टीम ने वारंटी प्रदीप पुत्र जानकी पटेल निवासी सोनेपुर, लाल उर्फ लल्लन पुत्र रामचन्द्र मुंशी निवासी रामविलास का पुरवा बनाड़ी तथा मनीष पुत्र जगपत निवासी सिद्धपुर को गिरफ्तार किया है। टीम में चैकी प्रभारी जिला कारागार मुन्नीलाल, दीवान भारत सिंह शामिल रहे।
प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीर प्रताप सिंह की टीम ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट तथा एससी-एसटी एक्ट के वांछित मुस्ताक उर्फ बउवा पुत्र पंजाबी खान निवासी अमरपुर ऊंचाडीह को गिरफ्तार किया है।

## राजस्व न्यायालयों का समय बदला

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** एडीएम कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि जिला जज के पारित आदेश के क्रम में अध्यक्ष/सचिव जिला बार एसोसिएशन के पत्र दो मई के अनुसार राजस्व न्यायालयों का समय सवेरे सात से अपरान्ह एक बजे तक करने का अनुरोध किया गया है। जिलाधिकारी के अनुमोदन से जिले के सभी राजस्व, चकबंदी, कार्यकारी मजिस्ट्रेट के न्यायालय का समय मई से जून तक सवेरे सात से अपरान्ह एक बजे किया जाता है। उच्च न्यायालय समयावधि के तहत 10.30 बजे से 11 बजे तक भोजनावकाश रहेगा। इस आदेश का पालन सुनिश्चित कराया जाये।

## तीन पर गुण्डाएक्ट, छह पर मिनी गुण्डाएक्ट से मची खलबली

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने की गरज से अपराधियो के खिलाफ जारी कार्यवाही के क्रम में पुलिस ने तीन के विरुद्ध गुण्डाएक्ट व छह लोगों के खिलाफ मिनी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधियों में खलबली मची है।
शनिवार को प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीर प्रताप सिंह ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुण्डा गर्दी करने वाले गुड्डू पुत्र बाबूलाल निवासी खिचरी, इमाम हुसैन पुत्र अली हुसैन उर्फ भुट्टा निवासी महावीर नगर के खिलाफ थ्री यूपी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।
इसी क्रम में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले छोटेलाल पुत्र महरूब वर्मा निवासी मऊ ब के खिलाफ थ्री यूपी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक बहिलपुरवा गुलाबचन्द्र सोनकर ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले सुधीर कुमार पुत्र साधुशरण, सुधाकर उर्फ नायब पुत्र श्रवण कुमार निवासी ऐंचवारा, कौशल किशोर पुत्र चुनबाद, लवकुश पुत्र चुनबाद निवासी नया पुरवा मजरा रुकमा खुर्द, विजय कुमार पुत्र रामबदल निवासी शीतलपुर तरौहा, संजय दर्जी पुत्र बलदेव प्रसाद निवासी रुकमाखुर्द के खिलाफ मिनी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधी तत्वों में खलबली मची है।

## दर्शन को मां के साथ आई बालिका से सामूहिक दुष्कर्म, भरत घाट के पास पांच युवकों ने की दरिंदगी

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** 16 वर्षीय बालिका से गैंगरेप की घटना सामने आई है। बालिका अपनी मां के साथ कामतानाथ दर्शन को आई थी। वह यहां जानकीकुंड धर्मशाला में रुकी थी।
शनिवार को तड़के तीन बजे के आसपास बालिका अपनी मां के साथ मंदाकिनी नदी में नहाने गई थी। इसी बीच पांच लड़के नाबालिग का मुंह दबाकर उठा ले गए। कुछ दूरी पर टूटी नाव में गैंगरेप किया। लड़की के शोर मचाने पर आरोपी पीड़िता को छोड़कर फरार हो गए। पीड़िता ने सवेरे चार बजे मप्र के नयागांव थाना में पुलिस को आपबीती बताई। पुलिस ने मामला दर्जकर छह आरोपियों को दबोचा है। पीड़िता को उसका परिवार मप्र लेकर चला गया है।
पुलिस के मुताबिक घटना स्थल से करीब 40 किमी दूर मप्र के बरौंधा थाना क्षेत्र के एक गांव की पीडिता है। नाबालिग बालिका मां के साथ कामतानाथ की परिक्रमा करने आई थी। रात को मंदाकिनी नदी किनारे मां-बेटी धर्मशाला में रुकी थीं। सवेरे तीन बजे बालिका अपनी मां के साथ धर्मशाला से तीन किमी दूर भरत घाट पर स्नान करने गई थी। थाने के एसडीओपी आशीष जैन ने बताया कि भरत घाट पर उसके गांव का परिचित लड़का भी स्नान करने आया था। दोनों वहीं खड़े होकर बातें करने लगे। तभी मां स्नानकर बाहर आई और कपड़े चेंज करने घाट से ऊपर चली गई। गांव के लड़के ने अपने पांच साथियों को बुला लिया। सभी ने उसके साथ जबरन घाट के पास झाड़ियों में टूटी पडी नाव में बारी-बारी से सामूहिक दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर मां के आने पर आरोपी उसे झाड़ियों में छोड़कर भाग गए। बेटी की हालत देखकर मां रोने लगी। दोनों किसी तरह से सवेरे मप्र के नयागांव थाने पहुंचे। जांच पड़ताल के बाद पीड़िता की मां की तहरीर पर मामला दर्जकर आरोपियों की तलाश शुरू हो गई है।

## वैशाखी पूर्णिमा पर गंगा की सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

**वाराणसी। न**मामि गंगे ने शुक्रवार को वैशाखी पूर्णिमा के स्नान पर्व पर दशाश्वमेध घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। भगवान बुद्ध द्वारा दिए गए पर्यावरण संरक्षण के संदेश को ध्वनि विस्तारक यंत्र से जन-जन तक पहुंचाकर गंगा को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।
स्वच्छता जागरूकता के दौरान विदेशी पर्यटकों ने भी लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम का नेतृत्व काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने किया। इस दौरान गंगा घाट पर पहुंची नमामि गंगे की टीम द्वारा गंगा की तलहटी और किनारे पड़ी गंदगी को उठाकर कूड़ेदान तक पहुंचाया गया। पॉलिथीन कचरा तथा गंगा में श्रद्धालुओं द्वारा विसर्जित की गयी पूजा सामग्री के अवशेषों को निकाला गया। श्रमदान में अन्य श्रद्धालुओं ने भी सहयोग किया।।
मां गंगा की आरती उतारकर स्वच्छता का संकल्प लिया गया। संयोजक राजेश शुक्ला ने बताया कि तथागत भगवान बुद्ध ने पर्यावरण के संरक्षण का संदेश दिया है।वह कहते थे कि मनुष्य को अपने किसी भी कृत्य से पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए । कहा कि भारतीय जनजीवन में नदियों का महत्व इसी से जाना जा सकता है कि धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक, व्यापारिक, पर्यटन, स्वास्थ्य , कृषि, शैक्षिक, औषधि, पर्यावरण और न जाने कितने क्षेत्र हैं जो हमारी नदियों से सीधे-सीधे जुड़े हुए हैं। कहा कि हमारी पवित्र नदियां विश्व बंधुत्व और वसुधैव कुटुंबकम का संदेश देती हैं।

## सड़क हादसे में महिला की दर्दनाक मौत

**जालौन। बंगरा** जालौन के नजदीक छै पुला के पास अशोकी दोहरे पत्नी धीरज दोहरे ग्राम खकसीस महिला अपने मायके कुसमरा से लौट रही थी। तभी जालौन बंगरा मार्ग 6 पुला के पास तेज रफ्तार आ रहा ट्रक ने मारी टक्कर जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।
ट्रक नंबर ल्फ 39 ऊ0020 है। मौके पर जालौन कोतवाली पुलिस पहुंची पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। सबको पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। महिला को 3 लड़के एक लड़की जो कि छोटा वाला लड़का उसके साथ बाइक से लेकर जा रहा था। उसका रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है।

## कलियुगी चाचा ने किया मासूम भतीजे की हत्या, गिरफ्तार

**सुलतानपुर। क**लियुगी चाचा ने सातवीं कक्षा के 13 वर्षीय मासूम भतीजे की हत्या कर दिया। हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैली हुई हैं। मौके पर बल्दीराय थानाध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह जॉच कर रहे हैं।
पुलिस के अनुसार मृतक की मां और चाचा में अवैध संबंध हत्याकांड की वजह बताई। बल्दीराय थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरा बारामऊ गांव का मामला हैं । थानाध्यक्ष श्री सिंह ने बताया हत्याकांड में आरोपी चाचा को गिरफ्तार कर लिया गया है।पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा का कहना थानाध्यक्ष से विस्तृत जानकारी ली जा रही हैं, जल्द हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा।

# विदेश संदेश

## पांच महीने में ही डगमगान लगी प्रचंड सरकार

**काठमांडू,।** पांच महीने में ही नेपाल की नई सरकार डगमगाने लगी लगी है। दिसंबर में चुनाव के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन के नेता पुष्प कमल दाहाल प्रचंड प्रधानमंत्री बने थे। 275 सदस्यीय संसद में वो 10 जनवरी को 268 सांसदों के समर्थन से विश्वास मत हासिल करने में सफल रहे थे। प्रचंड ने इसके बाद शक्ति संतुलन बदला। इस वजह से केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन ब्यूएमएल) ने गठबंधन से नाता तोड़ लिया। यूएमएल और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) विपक्ष में शामिल हो गए। प्रचंड को 20 मार्च को फिर से विश्वास मत हासिल करना पड़ा। उन्हें नेपाली कांग्रेस सहित 10 दलों और 2 निर्दलीय सांसदों सहित 172 सांसदों का समर्थन मिला।



छह मई से रवि लामिछाने नेतृत्व के (आरसीपी) ने सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है। अब प्रचंड सरकार को नौ पार्टियों के 158 सांसदों का समर्थन है। विपक्ष में चार पार्टियों के 115 सांसद हैं। 2 स्वतंत्र सांसद है ।

## नेपाल में लामिछाने की पार्टी ने प्रचंड सरकार को दिया समर्थन वापस ले लिया

**काठमांडू।** नेपाल में रवि लामिछाने के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है। आरएसपी की हुई बैठक में समर्थन वापस लेने का फैसला किया गया। बैठक के बाद आरएसपी अध्यक्ष रवि लामिछाने ने बताया कि उन्होंने सरकार के पास नहीं जाने और समर्थन वापस लेने का फैसला किया है। उन्होंने यह भी कहा कि वह संसद में मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। हालांकि आरएसपी ने अपना समर्थन वापस ले लिया लेकिन प्रचंड सरकार के पास अब भी बहुमत है। हालांकि सरकार पहले से कमजोर स्थिति में पहुंच गई है। आरएसपी 21 सीटों के साथ संसद में चौथी सबसे बड़ी पार्टी है।



## नेपाल हेलीकॉप्टर दुर्घटना में सह पायलट की मौत, चार काठमांडू में भर्ती

**काठमांडू।** नेपाल के संखुवासभा जिला में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना में घायल सह पायलट भाविन गुरुंग की इलाज के दौरान मौत हो गई। चार अन्य घायलों का इलाज काठमांडू में चल रहा है।

जिला पुलिस कार्यालय संखुवासभा के प्रवक्ता भुवनबाबू खड़का ने बताया कि यह हेलीकॉप्टर सिमरिक एयर का था, जो



अपर अरुण हाइड्रो-इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के सिलसिले में अपने गंतव्य की ओर जा रहा था। पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया कि हेलीकॉप्टर का पंखा पहाड़ी से टकरा गया, जिससे यह दुर्घटना हुई।हेलीकॉप्टर के पायलट और सह पायलट समेत पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए काठमांडू ले जाया गया। दुर्घटना में घायल सह पायलट भाविन गुरुंग की इलाज के दौरान मौत हो गई।

संखुवासभा के सहायक मुख्य जिला अधिकारी मोहन घिमिरे ने को बताया कि सेना और पुलिस की एक टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर का मलबा जंगल से बरामद कर लिया है।

## पाकिस्तान लौटकर बोले बिलावल, भारत में हुई बैठक सफल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने पाकिस्तान लौट कर भारत में हुई संघाई सहयोग सम्मेलन की बैठक को पाकिस्तान के लिए सफल बताया। आतंकवाद के मुद्दे पर भारत द्वारा घेरे जाने के मसले को उन्होंने भारत की मर्जी करार दिया है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो संघाई सहयोग सम्मेलन (एससीओ) की बैठक में हिस्सा लेने के लिए दो दिवसीय भारत दौरे पर आए थे। पाकिस्तान पहुंचने पर पत्रकारों से उन्होंने कहा कि यह बैठक पाकिस्तान के लिए सफल रही है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की ओर से आतंकवाद के मुद्दे पर घेरे जाने के सवाल पर बिलावल ने कहा कि उन्होंने (जयशंकर ने) जो भी कहा, वह उनकी मर्जी है।



उल्लेखनीय है कि भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संघाई सहयोग सम्मेलन की बैठक में बिलावल भुट्टो जरदारी के सामने कहा था कि वे इस बैठक में आतंक के उद्योग का प्रवक्ता बनकर आए हैं। बिलावल ने पत्रकारों से सवाल किया कि आतंक पीड़ित और इसे फैलाने वालों को कभी साथ नहीं बैठना चाहिए। यह नफरत है। क्या मुझे कभी भी मेरे राजनीतिक इतिहास में गलती से भी एक आतंकी के साथ बैठे देखा गया है।

## तोशाखाना मामले में अदालत 10 मई को इमरान खान के खिलाफ तय करेगी आरोप, व्यक्तिगत पेशी के आदेश

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद की एक अदालत ने कहा कि वह सरकारी तोहफों की बिक्री से मिली रकम को कथित तौर पर छिपाने के एक मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ 10 मई को आरोप तय करेगी। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने विदेशी गणमान्य लोगों से मिले तोहफों की बिक्री का विवरण साझा नहीं करने के कारण पिछले साल खान के खिलाफ तोशाखाना मामला दायर किया था। वर्ष 1974 में स्थापित तोशाखाना, कैबिनेट डिवीजन के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक विभाग है। तोशाखाना में पाकिस्तानी शासकों, सांसदों, नौकरशाहों और अधिकारियों को अन्य देशों की सरकारों, राज्यों के प्रमुखों और विदेशी गणमान्य व्यक्तियों से मिले कीमती उपहारों को संग्रहीत किया जाता है।

**व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने का आदेश**

70 वर्षीय इमरान खान ने मामले में लगाए गए आरोपों को चुनौती दी थी, लेकिन सत्र अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हुमायूं दिलावर ने वकीलों की दलीलें सुनने के बाद क्षेत्राधिकार से संबंधित दलीलों और आपत्तियों को खारिज कर दिया था। न्यायाधीश ने आरोपी खान के खिलाफ आरोप तय करने की घोषणा की और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख को उस दिन व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने को भी कहा। इससे पहले, अदालत ने खान के खिलाफ आरोप तय करने के लिए सात फरवरी की तारीख तय की थी, लेकिन खान के अदालत में मौजूद न होने और उनके वकीलों द्वारा मामले पर आपत्ति जताए जाने के कारण कई बार इसकी सुनवाई स्थगित हुई। क्रिकेटर से नेता बने खान पर अभी राजद्रोह, आतंकवाद, हत्या, हत्या का प्रयास, ईशनिंदा और अन्य आरोपों के तहत 140 से अधिक मामले दर्ज हैं। गुरुवार को इस्लामाबाद हाईकोर्ट में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में खान ने कहा था कि जल्द ही उनके खिलाफ दायर मुकदमों की संख्या दो सौ हो जाएगी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख इमरान खान पर प्रधानमंत्री के रूप में स्टेट डिपॉजिटरी यानी तोशाखाना से रियायती मूल्य पर प्राप्त एक महंगी ग्राफ कलाई घड़ी सहित अन्य उपहार खरीदने और लाभ के लिए उन्हें बेचने का आरोप है। यह मामला इमरान के प्रधानमंत्री रहते हुए शुरू हुई थी।

## आर्थिक मदद का लालच देते पाकिस्तान की यात्रा शुरू की चीनी विदेश मंत्री ने

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्री चिन गांग की शुरू हुई इस्लामाबाद यात्रा से पाकिस्तान में ऊंची उम्मीदें जगी हैं। चिन ने यहां पहुंचने के बाद यह कहा कि वे पाकिस्तान की आर्थिक मुश्किलों से परिचित हैं और पाकिस्तान की मदद करना उसकी 'प्राथमिकता' है। चिन शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की भारत में हुई बैठक में भाग लेने के बाद यहां पहुंचे। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भी इस बैठक के लिए भारत गए थे।

चिन ने यहां पहुंचने के तुरंत बाद पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी से मिलने गए। इस मुलाकात के दौरान पाकिस्तान की विदेश राज्यमंत्री हिना रब्बानी खार, चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइदोंग और दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। बाद में पाकिस्तान के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान जारी किया, जिसमें बताया गया कि बातचीत के दौरान दोनों पक्षों ने ÷क्षेत्रीय शांति और समृद्धि÷ के लिए काम करने



और ÷मिल कर बाहरी चुनौतियों का सामना करने÷ का संकल्प जताया है।

विश्लेषकों के मुताबिक पाकिस्तान को उम्मीद है कि चिन अपनी यात्रा के दौरान पाकिस्तान को विशेष आर्थिक सहायता देने का वादा करेंगे। चीन ने गुजरे महीनों में भी पाकिस्तान को आर्थिक सहायता दी है। हाल ही में उसने लगभग 58 बिलियन डॉलर के निवेश से अपने यहां से पाकिस्तान के बलूचिस्तान में स्थित ग्वादार तक रेल लाइन बिछाने की योजना घोषित की है। इसके तहत पाकिस्तान में चीन बड़ा निवेश करेगा। इसके चीन-पाकिस्तान इकॉनमिक कोरिडोर (सीपीईसी) परियोजना के तहत वह पहले ही पाकिस्तान में बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य कर चुका है। सीपीईसी चीन की महत्त्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव परियोजना का हिस्सा है।

जानकारों के मुताबिक इन परियोजनाओं के कारण पाकिस्तान में चीन की पकड़ बेहद मजबूत हो गई है। जबकि खासकर बलूचिस्तान में चीन की पैठ के खिलाफ जन भावनाएं उभार पर रही हैं। कई हलकों से इन परियोजनाओं के कारण पाकिस्तान के चीन के कर्ज जाल में फंसने का अंदेशा भी जताया गया है। इसके बावजूद पाकिस्तान सरकार चीन से करीबी बढ़ाने की नीति पर चलना जारी रख रही है। चिन गांग ने यहां कहा कि चीन और पाकिस्तान की ÷दोस्ती÷ हर स्थिति में खरी उतरी है। उन्होंने कहा- यह दोस्ती 'चट्टान की तरह' मजबूत है। चिन ने कहा- 'तेजी से बदल रही दुनिया के बीच जरूरत इस बात की है कि पाकिस्तान और चीन अपनी दोस्ती को और मजबूत बनाएं। वे अपने द्विपक्षीय सहयोग को उतना मजबूत करें, जिससे वे क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों का मुकाबला कर सकें।' पर्यवेक्षकों के मुताबिक चिन की इस टिप्पणी पर पड़ोसी देश भारत और पश्चिमी देशों में खास गौर किया जाएगा। चिन गांग ने कहा कि उनके देश के लिए पाकिस्तान की मदद करना प्राथमिकता है। इस सिलसिले में उन्होंने इस बात का जिक्र किया कि चीन ने पाकिस्तानी छात्रों को चीन में पढ़ने का मौका देने का निर्णय लिया है।

उधर पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने चीनी विदेश मंत्री को आश्वासन दिया कि पाकिस्तान सीपीईसी और ग्वादार बंदरगाह के निर्माण का कार्य पूरा करने को लेकर वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से द्विपक्षीय व्यापार के साथ-साथ क्षेत्रीय व्यापार और संपर्क बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण मदद मिलेगी।

## उपराष्ट्रपति ने लंदन में भारतीय समुदाय को किया संबोधित, बोले- भारत को अपने डायस्पोरा पर गर्व

**बीजिंग।** किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक में भाग लेने पहुंचे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को ब्रिटेन में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस समय भारत लोकतंत्र है जो किसी भी वैश्विक मानकों पर सबसे अधिक कार्यात्मक है और साथ ही उन्होंने समाज में उनके योगदान और भारत-ब्रिटेन संबंधों को मजबूती देने के लिए भारतीय समुदाय के सदस्यों की सराहना की।

**भारतीय समुदाय हमारे एंबेसडर**

उन्होंने कहा कि भारत को अपने डायस्पोरा पर गर्व है। वे भारत के 24ङ्म7 एंबेसडर हैं, यहां 1.7 मिलियन और पूरी दुनिया में 32 मिलियन भारतीय रहते हैं। उन्हें उदाहरण के लिए पूरक बनाया जा सकता है और उदाहरण के तौर पर मान सकते हैं कि वे अपनी कर्मभूमि और जन्मभूमि के लिए भी पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

**पीएम मोदी के काम की सराहना की**

जगदीप धनखड़ ने कहा कि यदि भारत के तीन अंगों विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका को देखें तो आप पाएंगे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कार्यपालिका सभी सामाजिक मापदंडों के अकल्पनीय स्तर पर मानवता का कार्य कर रही है और उन्होंने लोगों की तकलीफों को कम करने का काम किया है। आम आदमी को सशक्त बनाया है।

**इंटरनेट सेवाएं तेजी से बढ़ी-** उन्होंने कहा कि 2022 में



भारत में डिजिटल भुगतान लेनदेन की राशि 1.5 ट्रिलियन थी। उन्होंने कहा कि भारत में 700 मिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं और उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्होंने भारत की सेवा वितरण प्रणाली को एक ऐसे स्तर पर बदल दिया है जिसकी पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उन्होंने कहा कि 110,000,000 किसानों को साल में तीन बार अब तक दो लाख 20,000 करोड़ के बराबर राशि सीधे उनके खाते में और बिना किसी बिचौलिए के मिल रही है। उन्होंने आगे कहा कि जिस तरह का परिवर्तन, क्रांतिकारी बदलाव हुआ है, उसे देखिए। सत्ता के गलियारों को सत्ता के दलालों ने सेनेटाइज कर दिया है। जगदीप धनखड़ ने कहा कि एक ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र का विकास हुआ है जो हर युवा को अपनी ऊर्जा और क्षमता को पूरी तरह से उजागर करने में सक्षम बनाता है। उन्होंने कहा कि कौशल विकास और क्षमता निर्माण हर स्तर पर नया मानदंड है। उन्होंने कहा कि 34 साल बाद शिक्षा नीति बनी है।

## ब्रिटिश पीएम सुनक ने स्वीकारा स्थानीय चुनावों में टोरी पार्टी का प्रदर्शन निराशाजनक

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने स्वीकार किया कि स्थानीय चुनावों में सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी का प्रदर्शन 'निराशाजनक' रहा और विपक्षी लेबर व लिबरल डेमोक्रेट पार्टियों को इन चुनावों में अच्छी बढ़त हासिल हुई है।

अक्टूबर 2022 में 10 डाउनिंग स्ट्रीट में पदभार संभालने के बाद से सुनक की बैलेट बॉक्स में पहली चुनावी परीक्षा स्थानीय निकाय के चुनाव ही थे। इस दौरान इंग्लैंड की 317 परिषदों में से 230 में स्थानीय प्रतिनिधियों का चुनाव करने के लिए मतदाताओं ने गुरुवार को मतदान किया गया। स्थानीय चुनावों के वोटों की गिनती फिलहाल जारी है पर लेबर ने दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड में मेडवे सहित अपनी कुछ शीर्ष लक्षित परिषदों में अपनी बढ़त बना ली है, ये परिषद् 20 वर्षों से टोरी पार्टी के नियंत्रण में है।

सर्वेक्षणकर्ताओं ने अनुमान लगाया था कि सत्तारूढ़ टोरीज के लिए 1,000 से कम सीटों के नुकसान को सुनक के लिए एक अच्छे परिणाम के रूप में देखा जाएगा। कयास लगाए जा रहे थे कि सरकार को आम चुनाव के करीब स्थानीय चुनावों में हार का सामना करना पड़ता है। ब्रिटेन में आम चुनाव अगले साल की दूसरी छमाही में होने की उम्मीद है। हालांकि, चुनाव परिणामों से ऐसा लगता है कि यह सीमा पार होने वाली है और इससे भारतीय मूल के ब्रिटिश नेता पर उनकी अपनी पार्टी के भीतर भारी दबाव बढ़ेगा। शुरुआती नतीजों और रुझानों के बीच सुनक ने कहा, 'कंजरवेटिव पार्टी के मेहनती पार्षदों को खोना हमेशा निराशाजनक होता है।

## जापान में लगभग आधे युवाओं में है आत्मघाती सोच, अमेरिकी सर्वे में हुआ खुलासा

**वाशिंगटन।** धनी देशों में अपनी जिंदगी से निराश लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। पिछले हफ्ते अमेरिका में हुए एक सर्वे से सामने आया था कि वहां कम उम्र लड़कियों में आत्महत्या की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है। अब ऐसा ही निष्कर्ष जापान में हुए एक सर्वे से सामने आया

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

गए। आत्मघाती सोच से शिकार 56.6 फीसदी युवाओं ने कहा कि वे इस बारे में



किसी से बात नहीं करते। जबकि 12.4 फीसदी युवाओं ने कहा कि ऐसी सोच आने पर उन्होंने अपने दोस्तों से बात की है। ऐसी सोच वाले 11.7 फीसदी युवाओं ने कहा कि अपनी इस भावना के बारे में उन्होंने अपनी मां से बात की।

सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक वैध जवाब भेजने वाले नौजवानों में 44.8 फीसदी ने कहा कि उन्होंने कभी ना कभी आत्महत्या करने के बारे में जरूर सोचा है। ऐसी सोच का कारण अपने संबंधों में परेशानी, आसपास के किसी व्यक्ति का डर और रोजगार या शिक्षा संबंधी भविष्य को लेकर चिंता रहे हैं। जिन नौजवानों में आत्महत्या की भावना आई, उनमें से 40.8 फीसदी ने कहा कि अतीत में वो खुदकुशी की तैयारी या कोशिश कर चुके हैं। सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक आत्महत्या का ख्याल सबसे एलजीबीटीक्यू समुदाय के लोगों में आया। समलैंगिकता के मामले में जापान एक कंजरवेटिव सोसायटी है। वहां ऐसे लोगों की जिंदगी मुश्किल बनी रहती है। शोधकर्ताओं के मुताबिक एलजीबीटीक्यू समुदाय में सबसे ज्यादा आत्मघाती प्रवृत्ति ट्रांसजेंडर व्यक्तियों या उन व्यक्तियों में देखी गई है, जो सिर्फ समलैंगिकता में रुचि रखते हैं- यानी विषमलिंगी के साथ संबंध बनाने में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं होती।

इसके अलावा यौन उत्पीड़न का शिकार हुए लोगों में भी आत्मघाती ख्याल ज्यादा आते हैं। सर्वे से सामने आया कि यौन उत्पीड़न के शिकार रहे 76.4 फीसदी लोगों में कभी ना कभी आत्महत्या कर लेने का भाव जगा। सर्वे से यह भी सामने आया कि जिन 14 हजार से अधिक लोगों ने वैध उत्तर भेजे, उनमें से 15.3 फीसदी अपने जीवन में यौन उत्पीड़न का शिकार बन चुके थे।

अखबार जापान टाइम्स में छपी एक रिपोर्ट में जापान सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के हवाले से बताया गया है कि 2019 से 2021 के बीच आत्महत्या नौजवान लोगों की मृत्यु का एक बड़ा कारण रही। जापान सरकार आत्महत्या की भावना का शिकार लोगों के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी कर चुकी है। स्वास्थ्य विभाग ने आम जन से अपील की है कि अगर उन्हें कोई आत्मघाती प्रवृत्ति का व्यक्ति मिले, तो वे उसे संबंधित सरकारी विभाग तक पहुंचाने में मदद करें।

## राष्ट्रपति बाइडन ने भारतीय मूल की नीरा टंडन को दी अहम जिम्मेदारी, बनीं पहली एशियाई-अमेरिकी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की टीम में भारतीय मूल की एक और महिला को जगह मिली है। बाइडन ने घोषणा की कि भारतीय-अमेरिकी नीरा टंडन निवर्तमान सलाहकार सुसान राइस की जगह उनकी घरेलू नीति परिषद के अगले प्रमुख के रूप में काम करेंगी। बाइडेन के इस फैसले के बाद नीरा टंडन व्हाइट हाउस सलाहकार परिषद का नेतृत्व करने वाली पहली एशियाई-अमेरिकी बन गई हैं।

इससे पहले, नीरा टंडन व्हाइट हाउस में स्टाफ सचिव के रूप में काम चुकी हैं। नीरा तब इस पद पर आसीन होने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी बनी थीं। उन्होंने राष्ट्रपति बाइडन की वरिष्ठ सलाहकार के रूप में भी काम किया है।

टंडन ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के कार्यकाल में व्हाइट हाउस में घरेलू नीति की सहायक निदेशक और प्रथम महिला की वरिष्ठ नीति सलाहकार के रूप में अपना करियर शुरू किया था। इसके अलावा टंडन अमेरिका स्वास्थ्य एवं मानव सेवा मंत्रालय में स्वास्थ्य सुधारों की वरिष्ठ सलाहकार रह चुकी हैं। उन्होंने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में अफोर्डेबल केयर एक्ट के कुछ विशेष प्रावधानों पर कांग्रेस और हितधारकों के साथ मिलकर काम किया था।

**दो दशकों से अधिक का अनुभव-** टंडन के पास नीति और प्रबंधन में दो दशकों से अधिक का अनुभव है जो कि व्हाइट हाउस में नीति को और मजबूत करने का काम करेगा। घरेलू, आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा नीति में उनका अनुभव इस नई भूमिका में एक महत्वपूर्ण संपत्ति होगी। व्हाइट हाउस के स्टाफ सचिव के रूप में टंडन की नियुक्ति आठ महीने बाद हुई जब उन्होंने रिपब्लिकन सीनेटरों के कड़े विरोध के कारण व्हाइट हाउस ऑफिस ऑफ मैनेजमेंट एंड बजट के निदेशक के रूप में अपना नामांकन वापस ले लिया।

**राजनीतिक हस्तक्षेप पर कनाडा ने चीनी राजदूत को किया समन-** उधर, कनाडा ने राजनीतिक हस्तक्षेप और धमकी के आरोपों को लेकर चीन के राजदूत कांग पीवू को समन किया है। विदेश मंत्री मेलानी जोली ने कहा कि कनाडा चीन के खिलाफ कार्रवाई करने पर विचार कर रहा है और राजनयिक निष्कासन सहित सभी विकल्प मौजूद हैं। वहीं, चीन के राजदूत कांग ने आरोपों को खारिज किया है। चोंग अब चीन के खिलाफ आरोपों के केंद्र में है। चोंग को कथित तौर पर बीजिंग की ओर से उत्पीड़न के लिए निशाना बनाया गया था और उन्होंने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सरकार की सुस्त प्रतिक्रिया की जमकर आलोचना की।

## जॉय ई-बाईक ने जयपुर में खोला डिस्ट्रीब्यूटर शोरूम

**जयपुर।** भारत में 'जॉय ई-बाईक' के नाम से इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बनाने वाले भारत के अग्रणी निमार्ताओं में से एक वार्डविजर्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने अपने नेटवर्क का विस्तार जारी रखते हुए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को उपभोक्ताओं के करीब लाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है।

अपने डिस्ट्रीब्यूटर-डीलर मॉडल के पुनर्गठन के तहत कंपनी ने जयपुर में अपने एक्सक्लुजिव डिस्ट्रीब्यूटर शोरूम का उद्घाटन किया।

कंपनी का नया डिस्ट्रीब्यूटर शोरूम ड्रीम्स ईवी वर्ल्ड, मंगलम रेडिएन्स, एयरपोर्ट प्लाजा, जयपुर, राजस्थान में स्थित है। यह शोरूम सभी सेल्स एवं सर्विस सुविधाओं से युक्त है। शोरूम में कंपनी के लो एवं हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक वाहनों और थ्री-व्हीलर की सम्पूर्ण रेंज के साथ-साथ हाल ही में लॉन्च किया गया इलेक्ट्रिक स्कूटर मिहोस और कंपनी का पहला थ्री-व्हीलर जॉय ई-रिक भी उपलब्ध होगा।